RNI-UPHIN/2009/30721

**दिल्ली**
अधिकतम तापमान 36 डिग्री
न्युनतम तापमान 28 डिग्री
**एनसीआर**
अधिकतम तापमान 35 डिग्री
न्युनतम तापमान 28 डिग्री

मंगलवार 27 मई 2025
सुर्योदय प्रात: 05 :25 बजे
सूर्यास्त सांय 19 : 13 बजे

# एनसीआर टुडे


करंट न्यूज करंट व्यूज



पृष्ठ 4 सेना में दिखने लगा महिला शक्ति का दम

उत्तर प्रदेश और दिल्ली से एक साथ प्रकाशित | वर्ष: 16 | अंक : 221 | गाजियाबाद, मंगलवार 27 मई 2025 | मूल्य : ₹ 2 | पेज : 06 | विक्रमी संवत् 2081 | युगाब्द 5126 | शाक 1946




## राज्यसभा की आठ सीटों के लिए द्विवार्षिक चुनाव 19 जून को

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷। असम से दो और तमिलनाडु से छह राज्यसभा सदस्यों का कार्यकाल जून और जुलाई में समाप्त होने के मद्देनजर निर्वाचन आयोग ने इन सीट के लिए 19 जून को द्विवार्षिक चुनाव कराने की सोमवार को घोषणा की। तय परंपरा के अनुसार, मतगणना 19 जून की शाम को ही होगी। असम से राज्यसभा सदस्य वीरेंद्र प्रसाद वैश्य (भारतीय जनता पार्टी) और मिशन रंजन दास (भाजपा) का कार्यकाल 14 जून को समाप्त हो रहा है। इसी तरह, अंबुमणि रामदास (पट्टाली मक्कल काची), एन चंद्रशेखरन (आल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम), एम षणमुगम (द्रविड़ मुनेत्र कषगम), पी विल्सन (द्रमुक) और वाइको (मरुमलार्ची द्रविड़ मुनेत्र कषगम) समेत तमिलनाडु से राज्यसभा के छह सदस्यों का कार्यकाल 24 जुलाई को समाप्त हो रहा है। निर्वाचन आयोग ने कहा कि द्विवार्षिक चुनाव के लिए अधिसूचना दो जून को जारी की जाएगी।

## पाकिस्तान के साथ संवेदनशील जानकारी साझा करने के आरोप में CRPF कर्मी गिरफ्तार

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने पाकिश्तानी खुफिया अधिकारियों के साथ संवेदनशील जानकारी साझा करने के आरोप में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक जवान को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि आरोपी मोती राम जाट जासूसी गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल था और राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित गोपनीय जानकारी पाकिस्तान के खुफिया अधिकारियों (पीआईओ) के साथ 2023 से साझा कर रहा था। उन्होंने बताया कि एजेंसी को पता चला है कि वह विभिन्न माध्यमों से पीआईओ से धन प्राप्त कर रहा था। एनआईए ने मोती राम को दिल्ली से गिरफ्तार किया और उससे पूछताछ जारी है। उसने बताया कि 'पटियाला हाउस कोर्ट' की विशेष अदालत ने मोती राम को छह जून तक के लिए हिरासत में भेज दिया है।

## यूपी में कानून-व्यवस्था पूरी तरह से पटरी से उतर गई' : 'फखरुल हसन

✷ एनसीआर टुडे. लखनऊ ✷। जौनपुर ट्रिपल मर्डर पर समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता फखरुल हसन चांद ने उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार को कठघरे में खड़ा कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य की कानून-व्यवस्था पटरी से उतर चुकी है। सरकार के सभी दावों की पोल आए दिन हो रही अपराध की घटनाओं ने खोलकर रख दी है। सपा प्रवक्ता ने सोमवार को समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत के दौरान कहा कि उत्तर प्रदेश में कानून-व्यवस्था बद से बदतर हो गई है। कहीं हत्या तो कहीं लूटपाट हो रही है। भाजपा की सरकार प्रदेश की कानून-व्यवस्था को सुधारने में विफल है। लखनऊ में प्रॉपर्टी डीलर को गोली मारकर हत्या कर दी जाती है। राजधानी लखनऊ में पूरी तरह से कानून-व्यवस्था पटरी से उतर गई है। गाजियाबाद के मसूरी में नोएडा पुलिस के सिपाही की मौत पर उन्होंने कहा कि अपराधियों को पकड़कर न्याय सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

## कोविड संक्रमण पर बारीकी से नजर

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के महानिदेशक डॉक्टर राजीव बहल ने कहा है कि देश में कोविड संक्रमण की स्थिति पर बारीकी से नजर रखी जा रही है और फिलहाल चिन्ता की बात नहीं है। डॉ बहल ने सोमवार को यहां कहा कि देश में कोविड संक्रमण के मामले बढ़ रहे हैं, हालांकि इन्हें लेकर चिंता की कोई बात नहीं है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र के सभी एजेंसियां स्थिति पर बारीकी से निगाह रख रही है और उचित समय पर तुरंत कदम उठा लिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि कोविड संक्रमण की गंभीरता बहुत कम है और लोगों को अस्पताल में भर्ती करने की जरूरत नहीं है।

# कई राज्यों में बारिश का कहर, आम जनजीवन प्रभावित


✷ वेबवार्ता. नई दिल्ली/मुंबई/कोयंबटूर ✷

देश के कई हिस्सों में प्री-मॉनसून और मॉनसून की बारिश ने जनजीवन को अशत-व्यश्त कर दिया है। दिल्ली, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, गुजरात और राजस्थान समेत कई राज्यों में भारी बारिश और तूफान ने तबाही मचाई।

बिजली आपूर्ति और दैनिक जीवन बुरी तरह प्रभावित किया। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने कई राज्यों में रेड और ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। दिल्ली में रिकॉर्ड तोड़ बारिश ने जलभराव की स्थिति पैदा कर दी। इस बीच मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दावा किया कि स्थिति नियंत्रण में है। उन्होंने कहा कि 30 लाख मेट्रिक टन कचरे की सफाई के कारण नालों से पानी तेजी से निकाला गया। नोडल अधिकारियों को जलभराव बिंदुओं की निगरानी का जिम्मा सौंपा गया है।

आईएमडी ने दिल्ली में रेड अलर्ट और ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। दिल्ली में आज हल्की बारिश और गरज के साथ बौछार पड़ने की आशंका है। अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 20 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की उम्मीद है। सप्ताह के दौरान तापमान 43-46 डिग्री सेल्सियस तक रह सकता है।





मुंबई में 26 मई को प्री-मॉनसून बारिश ने 100 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया। सुबह 9 से 10 बजे के बीच दक्षिण मुंबई में एक घंटे में 104 मिमी बारिश दर्ज की गई, जबकि 12 घंटों में 254 मिमी बारिश हुई। कोलाबा में 295 मिमी बारिश के साथ मई का सर्वाधिक रिकॉर्ड बना। भारी बारिश से लालबाग, छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस और अन्य निचले इलाकों में जलभराव हुआ, जिससे यातायात और लोकल ट्रेन सेवाएं प्रभावित हुईं। बीएमसी और एनडीआरएफ की टीमें जल निकासी और राहत कार्य में जुटी हैं।

महाराष्ट्र सरकार में मंत्री गिरीश महाजन ने नागरिकों से अपील की कि आवश्यक कार्य के बिना घर से न निकलें, खासकर दोपहर 2 से 4 बजे तक, क्योंकि तेज हवाओं (60-70 किमी/घंटा) के साथ और बारिश की संभावना है। भारतीय मौसम विभाग ने मुंबई, ठाणे और रायगढ़ के लिए रेड अलर्ट जारी किया है।

रायगढ़ में मूसलाधार बारिश के कारण यातायात व्यवस्था ठप हो गई है। नेरल-कलंब मार्ग पर पुल के ऊपर पानी भरने से यातायात बंद कर दिया गया। म्हसाला-श्रीवर्धन मार्ग जलमग्न होने और सपोली-हेतावने-गोंडव फाटा मार्ग पर तटबंध टूटने से सड़कें बंद हैं।

वहीं, तमिलनाडु के कोयंबटूर में लगातार दूसरे दिन बारिश ने कहर बरपाया। उप्पिली पलायम रोड पर एक तेज रफ्तार कार ने एक ऑटो को टक्कर मार दी और खाई में पलट गई। स्थानीय लोगों और पीलामेडु अग्निशमन दल ने मणिकंदन को सुरक्षित निकाला और अस्पताल पहुंचाया।

सिंगनल्लूर पुलिस ने क्रेन की मदद से कार को निकाला और दुर्घटना की जांच शुरू की। जिले में बारिश के कारण कई इलाकों में जलभराव और यातायात बाधित हुआ।

तमिलनाडु में भारतीय मौसम विभाग ने कोयंबटूर, नीलगिरी जैसे जिलों के लिए रेड अलर्ट और चेन्नई, तिरुवल्लूर, कांचीपुरम जैसे क्षेत्रों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। भारी बारिश और तूफान के कारण जलभराव, यातायात बाधित, और स्कूल-कॉलेज बंद हैं। मछुआरों को समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है।

## 'लालू परिवार पर ऐश्वर्या का तीखा हमला : 'मेरी जिंदगी बर्बाद की गई''

✷ वेबवार्ता. पटना ✷

बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद यादव के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव को पार्टी और घर से निकाले जाने पर पत्नी ऐश्वर्या राय पहली बार मीडिया के सामने आईं। ऐश्वर्या ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए लालू यादव के परिवार पर जमकर निशाना साधा और कई सवाल पूछ डाले।

ऐश्वर्या राय ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए कहा, 'मैं ये पूछना चाहती हूं कि जब इन लोगों (लालू यादव के परिवार को) तेजप्रताप के बारे में पता था कि ऐसी बात है तो मेरी शादी क्यों कराई, मेरी जिंदगी क्यों बर्बाद की? उनसे पूछिए कि मुझे मारा क्यों? अब इनका सामाजिक न्याय कहां गया? ये सभी मिले हुए हैं, कोई अलग नहीं हुए हैं। कल भी राबड़ी देवी तेजप्रताप के आंसू पूछने उनके पास गई होंगी, बोला होगा कि अभी शांत रहो, मैं सब ठीक कर दूंगी। चुनाव नजदीक हैं, इसलिए उन्होंने ऐसा कदम उठाया और यह ड्रामा रचा है।'

ऐश्वर्या राय ने आगे कहा कि मुझे अपने तलाक के मामले की जानकारी मीडिया से मिली। मुझे जो भी जानकारी मिलती है, वह सब मीडिया के जरिए मिली। मुझे नहीं पता था कि क्या हो रहा है। उनसे पूछिए, मेरी जिंदगी बर्बाद करने की क्या जरूरत थी? जब मुझे पीटा गया, तब उनका सामाजिक न्याय कहां था? उनसे पूछिए, मेरा क्या होगा? उन्होंने कहा कि वे हर चीज का दोष मुझ पर मढ़ते हैं। अब जब यह बात सामने आ गई है कि उनका 12 साल से अफेयर चल रहा है, लालू यादव, राबड़ी और तेजस्वी यादव को ये पता नहीं होगा?

## कांग्रेस ने जाति जनगणना पर पहले के बयानों को लेकर PM और योगी पर निशाना साधा



✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

कांग्रेस ने जाति जनगणना के मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पहले के कुछ बयानों को लेकर सोमवार को उन पर निशाना साधा और कहा कि अब प्रधानमंत्री उम्मीद के मुताबिक जाति जनगणना का श्रेय ले रहे हैं।

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह आरोप भी लगाया कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंतत्री योगी आदित्यनाथ ने जाति जनगणना और आरक्षण के खिलाफ तल्ख बयान दिए थे। रमेश ने प्रधानमंत्री के अतीत के उन दो बयानों का संक्षिप्त वीडियो जारी किया जिसमें मोदी ने जाति जनगणना की पैरोकारी करने वालों को समाज को बांटने वाला और 'अर्बन नक्सल' की सोच वाला बताया था। उन्होंने आदित्यनाथ का जो वीडियो साझा किया, उसमें उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री यह कहते सुने जा सकते हैं कि जाति जनगणना की बात करने वाले बांटने का प्रयास कर रहे हैं।

रमेश ने सोमवार को 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर की शुरुआत के बीच की अवधि में 30 अप्रैल, 2025 को मोदी सरकार ने अप्रत्याशित रूप से और अचानक जाति जनगणना की घोषणा की। कल, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के मुख्यमंत्रियों की बैठक में प्रधानमंत्री ने उम्मीद के मुताबिक इसका पूरा श्रेय लिया।''

उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के पहले के कुछ बयानों का वीडियो साझा करते हुए कहा, ''जरा सुनिए, प्रधानमंत्री ने क्या कहा... जब 2 अक्टूबर, 2023 को बिहार जाति सर्वेक्षण के आंकड़े जारी किए गए और 28 अप्रैल, 2024 को जब कांग्रेस द्वारा जाति जनगणना की मांगों के बारे में उनसे सवाल पूछा गया था।'' रमेश ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के एक बयान का वीडियो पोस्ट करते हुए कहा, ''प्रधानमंत्री ने जाति जनगणना को 'अर्बन नक्सल' विचार कहा था। अब जरा सोचिए कि मोदी के 75 साल के होने के बाद उनकी कुर्सी संभालने को बेताब अजय सिंह बिष्ट (योगी आदित्यनाथ) जाति जनगणना पर क्या राय रखते हैं? अनुसूचित जातियों, जनजातियों और पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण के खिलाफ दिए गए उनके पुराने तल्ख बयानों को जरा सुनिए।''

## मोदी ने दाहोद से किया 24 हजार करोड़ रु की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण, शिलान्यास



✷ वेबवार्ता. दाहोद ✷

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को गुजरात में दाहोद के खरोड में आयोजित कार्यक्रम में रेलवे सहित राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के 24 हजार करोड़ रुपये से अधिक लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया।

श्री मोदी वडोदरा में सुबह रोड़ शो करने के बाद दाहोद पहुंचे, जहां उन्होंने रेल मंत्रालय की ओर से 21,405 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित लोको मैन्युफैक्चरिंग शॉप–रोलिंग स्टॉक वर्कशॉप का लोकार्पण, आणंद-गोधरा, मेहसाणा-पालनपुर और राजकोट-हड़मतिया रेल लाइन के दोहरीकरण कार्य, साबरमती-बोटाद 107 किलोमीटर रेल लाइन के विद्युतीकरण और कलोल-कड़ी-कटोसण रेल लाइन के गेज परिवर्तन के कुल 2287 करोड़ रुपए के कार्यों सहित रेलवे के कुल 23,692 करोड़ रुपये के कार्यों का लोकार्पण किया और दाहोद में 9000 एचपी का पहला लोकोमोटिव इंजन देश को समर्पित किया। दाहोद में 'मेक इन इंडिया' दृष्टिकोण के साथ 21 हजार करोड़ रुपये से अधिक के खर्च से रेलवे प्रोडक्शन यूनिट तैयार की गयी है।

दाहोद में निर्मित रेलवे प्रोडक्शन यूनिट से करीब 10 हजार लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी। दाहोद में बना लोकोमोटिव इंजन 4600 टन कार्गो का वहन करने में सक्षम होगा। अगले

10 वर्षों में करीब 1200 इंजन तैयार करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

प्रधानमंत्री ने महिसागर और दाहोद जिले के निवासियों को शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए 181 करोड़ रुपये की लागत वाली चार समूह सुधार जलापूर्ति योजनाओं का लोकार्पण किया। इन समूह जलापूर्ति योजनाओं के कार्यरत होने से महिसागर और दाहोद जिले के 193 गांवों और एक शहर की 4.62 लाख आबादी को 100 एल.पी.सी.डी. (लीटर प्रति व्यक्ति प्रति दिन) शुद्ध पेयजल उपलब्ध होगा।

श्री मोदी ने गुजरात जलापूर्ति बोर्ड द्वारा 49 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से निर्मित नामनार समूह सुधार जलापूर्ति योजना का लोकार्पण किया। इस योजना के तहत महिसागर जिले की बालासिनोर तहसील के 37 गांवों, वीरपुर और लुणावाड़ा तहसील के एक-एक गांव सहित कुल 39 गांवों की 1.01 लाख आबादी को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जायेगा। इसी प्रकार 70 करोड़ रुपये के खर्च से निर्मित खेरोली समूह सुधार जलापूर्ति योजना के अंतर्गत महिसागर जिले की वीरपुर तहसील के 49 और लुणावाड़ा तहसील के तीन सहित कुल 51 गांवों की

## ईडी ने जेपी इन्फ्राटेक व अन्य के खिलाफ छापेमारी में 1.70 करोड़ रु नकद व दस्तावेज जब्त किए

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कहा है कि उसने घर खरीदारों से धोखाधड़ी के मामले से जुड़ी



धनशोधन जांच में जेपी इन्फ्राटेक लिमिटेड (जेआईएल), जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड (जेएएल) और अन्य संस्थाओं के खिलाफ छापेमारी के दौरान 1.70 करोड़ रुपये नकद और अचल संपत्ति से जुड़े दश्तावेज जब्त किए हैं। धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत 23 मई को दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद और मुंबई में 15 परिसरों पर छापेमारी की गई थी।

छापेमारी के दौरान जेएएल, इसकी संबंधित संस्थाओं और इसके प्रवर्तक निदेशकों के कार्यालयों तथा परिसरों की तलाशी ली गई। केंद्रीय जांच एजेंसी ने रविवार को जारी एक बयान में कहा, ''गौरसंस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, गुलशन होम्ज प्राइवेट लिमिटेड और महागुन रियल एस्टेट प्राइवेट लिमिटेड सहित जेएएल के प्रमुख कारोबारी सहयोगियों से संबंधित कार्यालयों और परिसरों की भी तलाशी ली गई।''

धनशोधन का यह मामला दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) और उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा जेएएल, जेआईएल जैसी कंपनियों और उनके प्रवर्तकों तथा निदेशकों के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी से उत्पन्न हुआ है।

प्राथमिकी में बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी और आपराधिक साजिश का आरोप लगाया गया है, जिसमें जेपी विशटाउन (जेआईएल की परियोजना) और जेपी ग्रीन्स (जेएएल का उपक्रम) जैसी परियोजनाओं में आवासीय अपार्टमेंट और भूखंडों के आवंटन के बहाने बेईमानी से घर खरीदारों और निवेशकों को धन निवेश करने के लिए प्रेरित करना शामिल है।

## नीट-पीजी परीक्षा दो पालियों में कराने को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करेगा न्यायालय



✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

उच्चतम न्यायालय सोमवार को राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड द्वारा नीट-पीजी परीक्षा दो पालियों में आयोजित कराने के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई के लिए सहमत हो गया।

चिकित्सा स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (नीट-पीजी), 2025 दो पालियों में 15 जून को कंप्यूटर आधारित प्लेटफॉर्म पर आयोजित की जाएगी। इसके परिणाम 15 जुलाई तक घोषित किए जाएंगे।

प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने वकील की दलीलों पर गौर किया तथा कहा कि याचिका को जल्द ही सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाएगा।

पीठ ने 23 मई को कहा था कि याचिका अगले सप्ताह सुनवाई के लिए सूचीबद्ध की जाएगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। वकील ने सोमवार को फिर से इस बात का जिक्र किया।

वकील ने कहा, ''पीठ ने कहा कि वह इस मामले को इसी सप्ताह सूचीबद्ध करेगी। यह अत्यंत जरूरी है। प्रवेश पत्र दो जून को जारी किए जाएंगे।'' प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि इसे एक या दो दिन में सूचीबद्ध कर दिया जाएगा।

पीठ ने पांच मई को एनबीई और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय से याचिका पर जवाब मांगा था।

दो पालियों में नीट-पीजी परीक्षा आयोजित कराने को चुनौती देने वाली याचिका में कहा गया है कि विभिन्न पालियों में कठिनाई के श्तर अलग-अलग होने के कारण इसमें अनुचित चीजें होने की संभावना है।

इसमें एनबीई को एक ही पाली में परीक्षा आयोजित करने का निर्देश दिए जाने का आग्रह किया गया है। यह याचिका अदिति और अन्य लोगों द्वारा दायर की गई है।

## मधुबनी गोंड कला के कलाकारों ने राष्ट्रपति भवन में मुर्मु से की मुलाकात

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

राष्ट्रपति भवन में आयोजित आर्टिस्ट इन रेजिडेंस (घरेलू जीवन के कलाकार) कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को मधुबनी चित्रकार और गोंड लोक-कला के कलाकारों के एक समूह ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की।

राष्ट्रपति भवन की एक विज्ञप्ति में बताया गया राष्ट्रपति ने इस कार्यक्रम में प्रदर्शित लोक-चित्रकारों की कलाकृतियों का अवलोकन भी किया। उन्होंने भारत की महत्वपूर्ण पारंपरिक कलाओं के इन दो रूपों में उनके योगदान की सराहना की और उनके भविष्य के कलात्मक प्रयासों में सफलता की कामना की।

इस कला उत्सव में भारत की पारंपरिक कलाओं को उनके मूल स्वरूप में प्रदर्शित किया जा रहा है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि इस कला उत्सव ने भारत के लोक, आदिवासी और पारंपरिक कलाकारों को राष्ट्रपति भवन में एक मंच भी प्रदान किया है, जिन्होंने पीढ़ियों से कला के विभिन्न रूपों को जारी रखा है।

आर्टिस्ट-इन-रेजिडेंस कार्यक्रम के तहत मध्य प्रदेश की गोंड कला और बिहार की मधुबनी कला के कलाकार 20 से राष्ट्रपति भवन में ठहरे हुये हैं और वे वहां कल तक रहेंगे। इस कार्यक्रम में आये कलाकारों में मधुबनी कलाकार-शांति देवी, अंबिका देवी, मनीषा झा, प्रीति कर्ण, रंजन पासवान, शांति देवी, उर्मिला देवी, श्रवण पासवान, कुमारी नलिनी शाह और मोती कर्ण तथा गोंड कलाकार-दुर्गाबाई व्याम, सुभाष व्याम, ननकुसिया श्याम, राम सिंह उर्वेती, दिलीप श्याम,

## संक्षिप्त समाचार

### पंजाब में आंबेडकर की प्रतिमा को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करने के आरोप में एक व्यक्ति गिरफ्तार

**होशियारपुर, एजेंसी।** पंजाब के होशियारपुर में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर कथित तौर पर थूकने, अपमानजनक टिप्पणी करने और प्रतिमा के निकट संविधान की प्रतिकृति को नुकसान पहुंचाने का प्रयास करने के आरोप में रविवार को एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह घटना यहां बस स्टैंड के पास आंबेडकर चौक पर हुई। उन्होंने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने प्राथमिकी का हवाला देते हुए बताया कि टैगोर नगर का निवासी आरोपी जगदीप सिंह मथारू उर्फ दीपक कथित तौर पर अपने सिर पर कपड़ा लपेटकर मूर्ति तक जाने वाली सीढ़ियां चढ़ रहा था। प्राथमिकी में कहा गया है कि मथारू ने कथित तौर पर मूर्ति पर कई बार थूका, चिल्लाया कि वह इसे तोड़ने आया है और दावा किया कि वह डॉ. आंबेडकर या संविधान को स्वीकार नहीं करता। इसमें कहा गया है कि आरोपी की हरकतों ने वहां खड़े लोगों का ध्यान खींचा और वे मौके पर पहुंचे तथा प्रतिमा को नुकसान पहुंचाने से पहले ही उसे पकड़ लिया। मॉडल टाउन थाने के उपनिरीक्षक गुरसाहिब सिंह ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि यह प्राथमिकी बहुजन समाज पार्टी की पंजाब इकाई के सचिव सुखदेव सिंह की शिकायत पर दर्ज की गई है।

### सोना व्यापार योजना का लालच देकर बुजुर्ग से 1.4 करोड़ की ठगी, दो लोगों पर मामला दर्ज

**ठाणे, एजेंसी।** महाराष्ठ के ठाणे शहर में सोना व्यापार योजना का लालच देकर दो लोगों ने एक बुजुर्ग से कथित तौर पर 1.4 करोड़ रुपये से अधिक की ठगी कर ली। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी।

वागले एस्टेट प्रभाग के एक अधिकारी ने बताया कि शिकायत के आधार पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 318(4) (धोखाधड़ी) और सूचना प्रौद्योगिकी (आईअी) अधिनियम के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि कथित धोखाधड़ी 11 अप्रैल से 19 मई के बीच हुई। अधिकारी के अनुसार, 62 वर्षीय शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि आरोपियों ने उसे सोने के खनन और व्यापार योजना में निवेश करने के लिए फुसलाया और खनन से एक निश्चित मासिक आय तथा सोने के व्यापार से 15 प्रतिशत रिटर्न का वादा किया।

### बॉयफ्रेंड के साथ रिसॉर्ट गई महिला; भोजन करते वक्त गले में फंसा चिकन का टुकड़ा, मौत

**पालघर , एजेंसी।** महाराष्ट्र के पालघर में एक रिसॉर्ट में ठहरी 27 वर्षीय महिला की भोजन के दौरान दम घुटने से मौत हो गई। यह घटना 23 मई को हुई। केलवा पुलिस स्टेशन की इंस्पेक्टर विजया गोस्वामी ने बताया कि महिला अपने प्रेमी के साथ रिसॉर्ट में गई थी। रात के खाने के दौरान अचानक उसे सांस लेने में तकलीफ हुई और वह बेहोश होकर गिर पड़ी। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। गोस्वामी ने कहा कि महिला का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। शुरुआती जानकारी के अनुसार, ऐसा लगता है कि चिकन का एक टुकड़ा उसकी भोजन नली में फंस गया था। पुलिस इंस्पेक्टर ने बताया, हमने फिलहाल इसे आकस्मिक मौत का मामला दर्ज किया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं ताकि मौत का सटीक कारण पता चल सके।

### कंटेंट क्रिएटर निकला कॉन्ट्रैक्ट किलर, 5 लाख लेकर मुंबई में रेता महिला का गला; नोएडा से गिरफ्तार

**चंडीगढ़, एजेंसी।** हरियाणा के मशहूर कंटेंट क्रिएटर सुखप्रीत सिंह उर्फ सुख रतिया को मुंबई में सुपारी लेकर एक महिला की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। नोएडा एसटीएफ ने उसे गिरफ्तार कर नवी मुंबई पुलिस को सौंप दिया है। सुख रतिया हरियाणा के फतेहाबाद के रतिया कस्बे का रहने वाला है। इंस्टाग्राम पर उसके 5 लाख से ज्यादा फॉलोअर्स हैं और वह इंस्टाग्राम रील्स बनाकर काफी फेमस हुआ था। सुख रतिया व गुरप्रीत को पैसों की जरूरत थी और इसी चक्कर में उसने ये कदम उठाया। 24 साल का सुख रतिया 12वीं तक पढ़ने के बाद मॉडलिंग की ख्वाहिश लेकर साल 2022 में अपने मामा के लड़के गुरप्रीत सिंह के साथ मुंबई गया था।

# पाकिस्तान की कमर तोड़ने का तैयार है प्लान, पांच एशियाई विदेश मंत्री आ सकते हैं भारत



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत ने पाकिस्तान की कमर तोड़ने का प्लान तैयार कर लिया है। पाकिस्तान पहले से ही आर्थिक संकट का सामना कर रहा है। वहीं चाबहार बंदरगाह के जरिए भारत पाकिस्तान को अलग-थलग कर देना चाहता है। हाल के दिनों में पाकिसतान और तालिबान के बीच संबंध खराब हुए हैं। भारत चाहता है कि पाकिस्तानी बंदरगाहों पर निर्भरता कम हो जाए। वहीं ईरान चाहता है कि इस बंदरगाह के जरिए वह भारत के नेतृत्ववाले अंतरराष्ट्रीय उत्तर दक्षिण परिवहन गलियारे में शामिल हो जाए। अगले महीने सेंट्रल एशिया के पांच विदेश मंत्री भारत आ सकते हैं। उस दौरान भारत पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद, सीमापार आतंकवाद और पाकिस्तान पर व्यापार की निर्भरता को कम करने का मुद्दा उठा सकता है।

अफगानिस्तान और पाकिस्तान के आसपास सेंट्रल एशिया आतंकवाद का शिकार लंबे समय से रहा है। अफगानिस्तान में भी सीमापार आतंकवाद की समस्या बढ़ रही है। जून में होने वाली विदेश मंत्रियों की यह बैठक पहले 2022 में ही गणतंत्र दिवस के मौके पर होनी थी। हालांकि किसी वजह से उस समय यह मीटिंग नहीं हो पाई थी। ईटी की रिपोर्ट के मुताबिक विदेश मंत्रियों की इस बैठक में आतंकवाद के खिलाफ एक्शन और यूरेशिया में आईएनएसटीसी और चाबहार पोर्ट के जरिए व्यापार को बढ़ाने पर जोर दिया जाएगा।

### कौन-कौन से देशों को विदेश मंत्री आ सकते हैं भारत

जून के महीने में कजाकिस्तान, किर्गिज रिपब्लिक, तजाकिस्तान, तुर्किमेनिस्तान और उज्बेकिस्तान के विदेश मंत्री भारत आ सकते हैं। कजाकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान और उज्बेकिस्तान ने पहले से ही आईएनएसटीसी और चाबहार पोर्ट के जरिए भारत से व्यापार शुरू कर दिया है। जानकारों का कहना है कि भारत केंद्रीय एशिया के देशों के साथ रक्षा संबंध और व्यापारिक संबंध और मजबूत करना चाहता है। अफगानिस्तान-पाकिस्तान रीजन में बढ़ते आतंकवाद को लेकर रूस समेत केंद्रीय एशिया के देश बेहद परेशान हैं। भारत इस मौके का फायदा उठाना चाहता है। आतंकवाद के खिलाफ अगर इन देशों ने मिलकर लड़ाई शुरू की तो पाकिस्तान अपने आप ही अलग-थलग हो जाएगा। पिछले कुछ महीनों में कजाकिस्तान-किर्गिस्तान और ताजिकिस्तान में आतंकवाद पर बड़ी कार्रवाई की गई है। 2024 में एससीओ समिट में भी इन देशों ने संयुक्त बयान में आतंकवाद और सीमापार आतंकवाद के खिलाफ वार किया था।

### दुनियाभर से ज्यादा अकेले पाक में रह रहे आतंकी: गुलाम नबी आजाद

**जम्मू, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी के प्रमुख गुलाम नबी आजाद ने पाकिस्तान को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि दुनिया के सभी देशों को मिलाकर जितने आतंकी नहीं हैं, उससे ज्यादा अकेले पाकिस्तान में मौजूद हैं। बहरीन दौरे पर आजाद ने कहा कि भारत में एकजुटता है, जबकि पाकिस्तान बंटा हुआ है।



बीजेपी सांसद बैजयंत जय पांडा के नेतृत्व में बहरीन पहुंचे सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा रहे गुलाम नबी आजाद ने एएनआई से बातचीत में कहा कि, हम अलग-अलग पार्टियों से हो सकते हैं, लेकिन यहां हम भारतीय बनकर आए हैं। पाकिस्तान धर्म के नाम पर बना, लेकिन वो खुद एकजुट नहीं रह सका। पूर्वी पाकिस्तान (बांग्लादेश) और पश्चिमी पाकिस्तान भी नहीं टिक सके। उन्होंने आगे कहा, भारत में हर धर्म के लोग शांति और भाईचारे के साथ रहते हैं।

**ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ आतंकियों पर था:** आजाद ने भारत की हालिया सैन्य कार्रवाई 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर भी बयान दिया। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई पाकिस्तान के आम नागरिकों के खिलाफ नहीं, बल्कि वहां मौजूद आतंकी ढांचे के खिलाफ थी। उन्होंने कहा, हमारी सेना ने इस बात का पूरा ध्यान रखा कि किसी आम पाकिस्तानी नागरिक को नुकसान न पहुंचे। सिर्फ आतंकी और उनके परिवार के लोग मारे गए। लेकिन दुर्भाग्य से पाकिस्तान ने जवाबी कार्रवाई में हमारे आम नागरिकों को निशाना बनाया।

**प्रधानमंत्री मोदी की तारीफ:** आजाद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पड़ोसी देशों के साथ अच्छे रिश्ते बनाने की कोशिशों की सराहना की। उन्होंने कहा, हमारे सभी प्रधानमंत्रियों ने पाकिस्तान समेत पड़ोसियों के साथ अच्छे रिश्ते बनाए रखने की कोशिश की है, लेकिन हर बार भारत को आतंकवाद का सामना करना पड़ा है।

**भारतीय डायस्पोरा से मिले नेता:** सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने बहरीन में बड़ी संख्या में मौजूद भारतीय समुदाय से मुलाकात की। आजाद ने कहा कि वहां हर धर्म और समुदाय के लोग बिना किसी भेदभाव के रहते हैं, और बहरीन 'मिनी इंडिया' की तरह लगता है।

## हिमाचल के डीजीपी ने शिमला एसपी के निलंबन की सिफारिश की, सरकार को लिखा पत्र

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल पावर कॉर्पोरेशन के चीफ इंजीनियर विमल नेगी की रहस्यमयी मौत की सीबीआई जांच के आदेशों के बाद हिमाचल पुलिस के भीतर उठा विवाद अब खुलकर सामने आ गया है। एसपी शिमला संजीव गांधी द्वारा राज्य के डीजीपी डॉ. अतुल वर्मा पर गंभीर आरोप लगाने के बाद डीजीपी ने सरकार को पत्र भेजकर एसपी को निलंबित करने की सिफारिश कर दी है।

डीजीपी ने गृह विभाग को भेजे अपने पत्र में लिखा है कि एसपी शिमला ने गंभीर अनुशासनहीनता की है। उच्च अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना की है और कर्तव्यों में लापरवाही बरती है। उन्होंने कहा कि संजीव गांधी का व्यवहार अखिल भारतीय सेवा (आचरण) नियम, 1968 और हिमाचल प्रदेश पुलिस अधिनियम, 2007 का स्पष्ट उल्लंघन है।

डीजीपी ने पत्र में स्पष्ट किया है कि हिमाचल हाई कोर्ट ने 23 मई को विमल नेगी मौत मामले में एसपी शिमला की भूमिका पर गंभीर टिप्पणियां की हैं। इसके अगले ही दिन 24 मई को एसपी ने एक प्रेस वार्ता कर राज्य सरकार के मुख्य सचिव और एक संवैधानिक पदाधिकारी पर बिना प्रमाण के आरोप लगाए। इतना ही नहीं, उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड और केंद्र सरकार से जुड़े एक जांच मामले में भी भ्रामक और तथ्यहीन बयान दिए, जिससे संवैधानिक संस्थाओं की गरिमा प्रभावित होने का खतरा है और केंद्र व राज्य सरकार के बीच संबंधों में तनाव की स्थिति खड़ी हो सकती है।

**डीजीपी बोले- सरकार की आलोचना कर रहे एसपी:** डीजीपी का पत्र में कहना है कि एसपी संजीव गांधी का आचरण सेवा नियमों के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि कोई भी अधिकारी सार्वजनिक मंच से सरकार की आलोचना नहीं कर सकता। उन्होंने गृह विभाग से अनुरोध किया है कि एसपी को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाए और पुलिस मुख्यालय रिपोर्ट करने को कहा जाए।

गौरतलब है कि 10 मार्च को शिमला से लापता हुए चीफ इंजीनियर विमल नेगी का शव 18 मार्च को गोविंदसागर झील (बिलासपुर) से बरामद हुआ था। इस मामले की जांच एसपी शिमला की अगुवाई में गठित एसआईटी कर रही थी। लेकिन, मृतक की पत्नी किरण नेगी ने एसआईटी पर भरोसा न जताते हुए हाई कोर्ट में याचिका दायर की। 23 मई को अदालत ने सीबीआई जांच के आदेश देते हुए एसआईटी की जांच पर सवाल उठाए।

**एसपी ने कहा- डीजीपी के हलफनामे से निष्पक्ष जांच को ठेस:** सीबीआई जांच के आदेश के अगले ही दिन एसपी संजीव गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर डीजीपी पर सीधा हमला बोला। उन्होंने कहा कि डीजीपी द्वारा कोर्ट में दाखिल किया गया हलफनामा न केवल गैर जिम्मेदाराना है बल्कि इससे एसआईटी की निष्पक्ष जांच की साख को ठेस पहुंची है। उन्होंने यह भी घोषणा की कि वे हाई कोर्ट में इस हलफनामे को चुनौती देंगे।

**नशा तस्करों से स्टाफ के संबंध का सनसनीखेज दावा:** एसपी गांधी ने डीजीपी के निजी स्टाफ पर भी गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने दावा किया कि डीजीपी के स्टाफ का एक सदस्य नशा तस्करी के गिरोह से जुड़ा पाया गया है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि कुछ समय पहले सीआईडी के एक गोपनीय पत्र के लीक होने में भी डीजीपी स्टाफ की भूमिका संदिग्ध है। गांधी ने कहा कि उनकी कई महत्वपूर्ण जांचों को रोकने और दिशा मोड़ने के प्रयास हुए। उन्होंने इन प्रयासों के पीछे पुलिस मुख्यालय और राजनीतिक संरक्षण की भूमिका होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यह उनकी 25 वर्षों की ईमानदार सेवा को कलंकित करने का षड्यंत्र है, जिसे वे कभी स्वीकार नहीं करेंगे।

## लव जिहाद को लेकर प्रर्दशन

✷एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷

इंदिरापुरम प्रखंड में विगत कुछ दिनों में तेजी से हिंदू माँ- बेटी के साथ लव जिहाद की घटनाएं उजागर हुई हैं। विगत सिर्फ़ एक महीने एक अंदर 4-5 मामले प्रकाश में आए, जिसमे शिप्रा रिवेरा की घटना, मकनपुर की घटना व तीसरी घटना अभय खंड ने हिंदू समाज के लोगो को अंदर तक झकझोर कर रख दिया है।



आज दैनिक समाचार पत्रों से यह जानकारी मिली है कि उपरोक्त अभियुक्त अकबर के विरुद्ध इंदिरापुरम कोतवाली में एक हिंदू लड़की के अपरहण इत्यादि का मामला दर्ज हुआ है।

अभियुक्त अकबर काफी समय से सुनियोजित ढंग से हिन्दू बेटियों को पैसे आदि का लालच देकर अपने जाल में फंसाता है। मिली जानकारी के अनुसार अभियुक्त अब तक सात हिंदू बेटियों को अपना शिकार बना चुका है।

इन सबके अतिरिक्त उसकी गतिविधियां राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए भी खतरनाक है। मिली जानकारी के अनुसार यह फर्जी आधार कार्ड, फर्जी मतदाता पहचान पत्र तथा अन्य कई फर्जी दश्तावेज बनाता है, जो कि देश हित में नहीं है। इसके व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर बोर्ड लगाकर दिल्ली के स्कूलों में प्रवेश दिलाने का भी प्रलोभन दिया जाता है। जबकि दिल्ली के स्कूलों में प्रवेश के लिए आरक्षण का लाभ लेने के दिल्ली का निवासी होना। आवश्यक है, लेकिन प्रलोभन देकर, लोगों से धन लेकर फर्जी दश्तावेज बनाकर गलत तरीके से प्रवेश दिलाता है। यह अपने आप में प्रमाण है कि यह फर्जी आधार कार्ड बनाता है।

अभियुक्त लव जिहाद का भी सरगना है, क्षेत्र में धार्मिक उन्माद पैदा करवाने का मास्टरमाइंड है, जिसके लिए इसको विदेशी फंडिंग भी संभवतः मिल रहा होगा। न्याय खंड-1 में धन के बल पर अवैध तरीके से मकान भी बना रखे हैं। कम समय में ही इसके पास कई महंगे वाहन भी आ गये हैं। यह अंदेशा है कि यह अभियुक्त अकबर देश द्रोह के काम में भी लिप्त हो सकता है।

लव जिहाद की घटनाओं पर रोकने के लिए, हिंदुओं समाज ने आज दिनांक -26 मई 2025, स्थान - श्री राम काम्प्लेक्स, न्याय खंड - १, अभय खंड चौकी के सामने, इंदिरापुरम में एकत्रित होने का निश्चय किया था जिसमे हज़ारो की संख्या में हिंदू समाज के लोग अपना आक्रोश व्यक्त करने पहुचे।

इस अभियान का उद्देश्य मूलतः हिन्दू समाज को एकजुट होकर समाज में बदलाव लाना और ऐसे घटनावो के बारे में जागरूक करना था।

इस कार्यक्रम के दौरान समाज ने एक साथ प्रण लिया की अपने घर की महिलाओं और बच्चो का ध्यान रखेंगे और किसी भी विधर्मी की संदिग्ध गतिविधियों पर परिवार के द्वारा नज़र रखी जाएगी। इस मामले को पुलिस प्रशासन के संज्ञान में लाया गया और हिंदू समाज की तरफ़ से इसका ज्ञापन सीओ, इंदिरापुरम को सौपा गया है।

## एक बंदर पकड़ने पर खर्च होंगे 1650 रुपये, स्पेशल एजेंसी करेगी प्रयागराज नगर निगम की मदद



**प्रयागराज, एजेंसी।** प्रयागराज नगर निगम शहरी सीमा में बंदरों को पकड़ेगा। पहले बंदरों को पकड़ने का काम वन विभाग करता था। अब नगर निगम बंदरों को पकड़ने के लिए एक एजेंसी की तैनाती करेगा। खास बात यह है कि नगर निगम एजेंसी को एक बंदर पकड़ने के लिए 1650 रुपये भुगतान करेगा। बंदर को पकड़ने की राशि और बढ़ सकती है। नगर निगम बंदरों को पकड़ने के लिए विशेषज्ञ एजेंसी की मदद लेगा। बंदरों को पकड़ने वाली एजेंसी की तैनाती के लिए नगर निगम के पशुधन विभाग ने पहली बार टेंडर निकाला है।

टेंडर में नगर निगम की ओर से एक बंदर पकड़ने का आधार भुगतान 1650 रुपये रखा गया है। एजेंसी की मांग पर यह राशि बढ़ाई भी जा सकती है। इससे पहले नगर निगम एक बंदर पकड़ने के लिए 1450 रुपये भुगतान करता था। बंदरों को पकड़ने के लिए निकाली गई निविदा पर नगर निगम के पशुधन अधिकारी डॉ. विजय अमृतराज ने बताया कि बंदर वन्य जीव है। अभीतक वन विभाग ही बंदरों को पकड़ता था। संसाधन की कमी के चलते वन विभाग शहरी क्षेत्र में बंदरों को पकड़ने में सफल नहीं हो पा रहा था।

## आंबेडकर शोभायात्रा निकालने की नहीं मिली थी अनुमति

### गुस्साए दलित समाज ने रोकी कलश यात्रा

**एटा, एजेंसी।** यूपी के एटा में जलेसर थाना क्षेत्र के गांव जैनपुर में रविवार को उस समय तनाव की स्थिति फैल गई, जब दलित समाज के लोगों ने एक कलश यात्रा को रोक दिया। आगे नहीं जाने दिया। कहासुनी होने लगी। सूचना पर पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने यात्रा का विरोध कर रहे लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया। करीब 2 घंटे तक यात्रा में शामिल महिलाएं और बच्चियां सिर पर कलश लेकर धूप में खड़ी रहीं। कोतवाली जलेसर के गांव जैनपुर में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन हो रहा है। इसी के तहत रविवार शाम को कलश यात्रा निकाली जा रही थी। महिलाएं और बच्चियां अपने सिर पर कलश लेकर जा रही थी। यात्रा जाटव समाज के मोहल्ले से होकर गुजरी तो समाज के लोगों ने विरोध कर दिया। लोगों ने यात्रा नहीं निकलने दी। दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। पुलिस पहुंच गई। उधर, कलश यात्रा निकाल रहे लोग भी जिद पर अड़ गए और उसी मार्ग से जाने की बात कहने लगे। विवाद बढ़ता देख एसएचओ सुधीर कुमार सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और दोनों पक्ष की बात सुनी। दलित समाज के लोगों का कहना था कि 16 अप्रैल को डा. भीमराव आंबेडकर की शोभायात्रा निकालने की तैयारी थी, लेकिन उन्हें परमीशन नहीं दी गई थी। अब कलश यात्रा की इजाजत कैसे मिल गई। सूचना पर अफसर मौके पर पहुंच गए। सीओ जलेसर ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि समझाने पर कलश यात्रा निकाली गई है। गांव में शांति है। कई घंटों की मशक्कत के बाद पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाया। इसके बाद यात्रा आगे के लिए रवाना हुई। उधर, जानकारी पर एसडीएम भावना विमल, सीओ ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह, नायब तहसीलदार वाजिद हुसैन, एलआइयू प्रभारी अशोक सारस्वत भी मौके पर पहुंच गये।

## दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई

## बिजली विभाग के एक्सईएन पर गिरी बिजलीए सस्पेंड

✷ एनसीआर टुडे. बिजनौर ✷

बिजली विभाग के एक्सईएन-प्रथम अनिल कुमार पांडेय को जोर का झटका लगा है।

क्षतिपूर्ति वाद प्रकरण में शिथिलता बरतने व लापरवाही के आरोप में उन्हें निलम्बित कर दिया गया है।

एमडी पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम चैत्रा वी ने यह कार्रवाई की है। इस प्रकरण में एमडी को तीन माह की सजा सुनाई गई है, उसमें अब राज्य श्तर पर केस लड़ा जाएगा।

जानकारी के अनुसार जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, बिजनौर ने एमडी पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम को तीन माह के कारावास व 25 हजार रुपए, अर्थदंड की सजा सुनाई थी। एक किसान की करंट से मौत के प्रकरण में पूर्व में जारी क्षतिपूर्ति के आदेश का पालन न होने पर यह सजा आयोग की अध्यक्ष दीपा जैन तथा सदस्य मनोज कुमार पंडित की पीठ ने सुनाई।




21 सितंबर, 2022 को जिला उपभोक्ता आयोग की पीठ ने मृतक किसान की क्षतिपूर्ति के रूप में पांच लाख रुपए की राशि 09% साधारण ब्याज सहित, 25 हजार रुपए मानसिक क्षतिपूर्ति एवं सात हजार रुपए वाद-व्यय के रूप में निर्णय के 30 दिन के अंदर आयोग में जमा करने का आदेश दिया था।

इसके अलावा 30 दिन के पश्चात ब्याज की दर 11% करने का आदेश भी दिया गया था। उक्त धनराशि मृतक किसान के विधिक-उत्तराधिकारियों में वितरित की जानी थी। प्रतिपक्षियों द्वारा न्यायालय के आदेश का पालन न करने के कारण 05 दिसंबर 2022 को परिवादिनी द्वारा प्रतिपक्षियों के विरुद्ध विविधवाद पंजीकृत कराया गया था।

08 फरवरी, 2023 को उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 की धारा-72 के अंतर्गत सजा हेतु नोटिस की तामील प्रतिपक्षियों पर हो गई किंतु फिर भी उनके द्वारा डिक्रीकृत धनराशि की अदायगी परिवादियों को नहीं की गई। एमडी, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम मेरठ चैत्रा वी ने कार्य एवं दायित्वों में शिथिलता व लापरवाही बरतने के कारण एक्सईएन प्रथम बिजनौर अनिल कुमार पांडेय को निलम्बित कर दिया। इस प्रकरण में अब राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग में अपील की तैयारी है।

## सिर और शरीर के अन्य अंग में चोट लगने से हुई थी उपनिरीक्षक की मौत

✷एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷

सीओ अंकुर विहार के पेशी कार्यालय में शनिवार देर रात हुई उपनिरीक्षक की मौत सिर और शरीर के अन्य अंगों में चोट लगने से हुई थी। इसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हुआ है। वहीं, नायब तहसीलदार ने घटना स्थल का निरीक्षण किया है।

शनिवार को देर रात आई तेज आंधी और बारिश आई थी। इसकी वजह से एसीपी अंकुर विहार के पेशी कार्यालय की छत गिर गई थी। घटना के वक्त कार्यालय में मौजूद उपनिरीक्षक विनोद कुमार मिश्रा मलबे में दब गए थे। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया था। सूचना मिलने पर नायब तहसीलदार रति गुप्ता ने घटना स्थल का मौका मुआयना किया।

## जिलाधिकारी /जिला निर्वाचन अधिकारी ने ईवीएम संरक्षित स्ट्रांग रूम का मासिक निरीक्षण किया गया

✷ एनसीआर टुडे. बिजनौर ✷

जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी जसजीत कौर द्वारा झंडापुर स्थित वीवी पेट वेयरहाउस तथा कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईवीएम संरक्षित स्ट्रांग रूम का मासिक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी प्रमोद कुमार, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भाजपा से धीर सिंह, कांग्रेस से नीरज चौधरी, बसपा मोहम्मद सिद्दीक तथा सपा से जिला अध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन एवं प्रवक्ता अख़लाक़ पप्पू सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

जिलाधिकारी श्रीमती कौर द्वारा सर्वप्रथम झंडापुर स्थित वीवी पेट वेयरहाउस का विश्तृत निरीक्षण किया। उन्होंने सिक्योरिटी, विद्युत व्यवस्था, साफ सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया।



इस अवसर पर सीसीटीवी कंट्रोल रूम संचालित पाए गए। निरीक्षण के दौरान ईवीएम के रख रखाव व सुरक्षा के दृष्टिगत सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने अपनी सहमति जताई और सुरक्षा के इंतजाम देख कर संतोष व्यक्त किया। तदोपरांत उन्होंने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित निरीक्षण के दौरान ईवीएम स्ट्रांग रूम के बाहर लगे सील्ड तालों सहित ईवीएम सुरक्षा, अग्नि सुरक्षा, विद्युत व्यवस्था एवं अन्य सभी प्रकार की व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया, सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित पाई गईं।

## महिला की कार में तोड़फोड़, आरोपी फायरिंग करते हुए फरार

✷ एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷। मोदीनगर के गांव मानकी स्थित गैस एजेंसी के गोदाम पर सोमवार को कलेक्शन के लिए गई महिला की कार में तोड़फोड़ की गई। अपने को घिरता देखकर आरोपी हवाई फायरिंग करते हुए फरार हो गए। पुलिस जांच के बाद कार्रवाई की बात कह रही। नगर की फफराना रोड कॉलोनी निवासी कुसुम तोमर की गांव मानकी में रसोई गैस की एजेंसी है। एजेंसी पर गांव दौसा बंजारपुर निवासी परवेंद्र प्रबंधक के पद पर कार्यरत है। बताया जा रहा कि कुसुम तोमर सोमवार दोपहर को एजेंसी पर कलेक्शन करने के लिए गई थीं। उन्होंने गोदाम परिसर में अपनी कार खड़ी कर दी थी और अंदर कार्यालय में चली गईं। आरोप है कि इसी बीच बाइक सवार युवक आए और कार में तोड़फोड़ करने लगे। आरोपियों ने कार का शीशा तोड़ दिया। जब एजेंसी के प्रबंधक ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने फायरिंग कर दी। प्रबंधक ने नीचे बैठकर अपनी जान बचाई। बताया जा रहा कि एजेंसी को लेकर परिवार में विवाद चल रहा। एसीपी मोदीनगर ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि महिला की तरफ से तहरीर दी गई है। घटना की जांच की जा रही। इसके बाद कुछ कहा जा सकता है।

## दहेज, छेड़छाड़ और गर्भपात का केस दर्ज कराया

✷ एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷। विजयनगर थानाक्षेत्र के गांव में रहने वाली महिला ने पति और सास समेत ससुराल पक्ष के दस लोगों के खिलाफ विभिन्न आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया है। महिला का कहना है कि उनकी शादी जनवरी 2020 में हापुड़ के एमबीबीएस डॉक्टर के साथ हुई थी। शादी में परिजनों ने 40 लाख रुपये खर्च किए थे, लेकिन इसके बावजूद ससुरालियों ने शादी के कुछ दिन बाद से ही उन्हें दहेज के लिए प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। महिला का कहना है कि उनके दोनों ननदोई उन पर गलत नजर रखते थे और अकेला पाकर छेड़छाड़ तथा अश्लील हरकत करते थे। इसके अलावा पता चला कि पति के कई महिलाओं ने अवैध संबंध हैं। ससुरालियों की मारपीट में एक बार उनका गर्भपात भी हो गया। महिला का आरोप है कि पति ने तलाक लिए बिना अक्तूबर 2024 में दूसरी शादी भी कर ली। पति की दूसरी पत्नी के उसके पहले से शादीशुदा होने के बारे में पता था। ससुरालियों की प्रताड़ना से तंग आकर महिला ने पुलिस में गुहार लगाई। एसीपी कोतवाली रितेश त्रिपाठी का कहना है कि विजयनगर थाने में ससुराल पक्ष के दस लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

## जमीन बंटवारे के विवाद में युवक पर जानलेवा हमला

✷ एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷। टीला मोड़ थाना क्षेत्र में जमीन बंटवारे के विवाद में परिवार के दो सदस्यों ने युवक पर रॉड और हथौड़े से जानलेवा हमला कर दिया। पीड़ित ने थाना टीला मोड़ में शिकायत दर्ज कराई है। शाहदरा दिल्ली निवासी दीपू राजपूत ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 12 मई को अपराह्न करीब साढ़े तीन बजे वह अपने भाई और पिता के साथ आशीर्वाद ग्रीन स्थित प्लॉट पर आए थे। जब वह सड़क किनारे गाड़ी खड़ी कर रहे थे। इसी दौरान परिवार के अमन और आकाश निवासी टीला मोड़ वहां पर आ गए। जैसे ही वह अपनी गाड़ी से उतरे दोनों ने उनके साथ गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। जब दीपू ने विरोध किया तो आरोपियों ने जान से मारने की बात कहते हुए रॉड और हथौड़े से उन पर हमला कर दिया। शोर मचाने पर दीपू के भाई, पिता और राहगीरों ने बीच-बचाव करते हुए उन्हें बचाया। इस हमले में वह बुरी तरह घायल हो गए। आरोप है कि दोनों युवकों ने उनके परिवार को जान से मारने की धमकी दी है। एसीपी शालीमार गार्डन अतुल कुमार सिंह ने बताया कि शुरुआती जांच में पैतृक संपत्ति के बंटवारे को लेकर परिवार में विवाद होने की बात सामने आई है। पहले भी दोनों पक्षों में झगड़ा और कहासुनी हो चुकी है। मामले की जांच की जा रही।

## पीएसी के जवान ने युवक को डूबने से बचाया

✷ एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷। मुरादनगर की गंगनहर में नहाते समय डूब रहे लोनी निवासी युवक को पीएसी के गोताखोरों ने बचा लिया। सोमवार शाम को लोनी निवासी धर्मवीर सिंह नहाते समय गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। अपने आप को डूबता देखकर शोर मचाया। शोर सूचन पीएसी के कांस्टेबल चांद सिंह, प्रदीप कुमार,भूपेन्द्र कुमार व योगेन्द्र कुमार ने युवक धर्मवीर को बचा लिया।

## सेफ का ताला तोड़कर नकदी और जेवरात चोरी

✷ एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷। मोदीनगर के भोजपुर थानाक्षेत्र के गांव मोहम्मदपुर सुजानपुर दीवार फांदकर घर के अंदर आए बदमाशों ने सेफ का ताला तोड़कर नकदी व जेवरात चोरी कर लिए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। गांव मोहम्मदपुर सुजानपुर निवासी मुखीराम चौहान ने बताया कि रात के समय परिवार के लोग अपने कमरे में सो रहे थे। देर रात बदमाश दीवार फांदकर घर के अंदर आए और फिर कमरे में जाकर सेफ अलमारी का ताला तोड़कर दस हजार रुपए की नकदी व सोने चांदी के जेवरात चोरी कर लिए। सुबह होने पर चोरी के बारे में जानकारी हुई।

## युवक से हुई ऑनलाइन ठगी के पैसे लौटाए

✷ एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷। लोनी के ट्रोनिका सिटी थाना की पूजा कालोनी निवासी युवक से ठगों ने ऑनलाइन 71 हजार पांच सौ रुपये ठग लिए गए थे। युवक ने आठ मई को साइबर सेल में मामले की शिकायत की थी। पुलिस ने सोमवार को पीड़ित से ठगी गई धनराशि वापस कराई। संजय ने बताया कि आठ मई को ठगों ने काल करके एक ऐप के माध्यम से 71 हजार पांच सौ रुपये ठग लिए थे। उन्होंने तुरंत की साइबर सेल में मामले की शिकायत की थी। एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर ठगी गई धनराशि को होल्ड कराया था। साइबर सेल ने संबंधित बैंक से पत्राचार कर सोमवार को ठगी गई कुल रकम को वापस कराया है।

# बेसिक शिक्षा विभाग में हुआ क्रान्तिकारी परिवर्तनः कपिलदेव

✷ एनसीआर टुडे. बिजनौर ✷





प्रदेश के मुख्यमंत्री ने आज बेसिक शिक्षा विभाग के महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में उच्चीकृत कश्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के नवनिर्मित भवनों/अतिरिक्त डॉरमेट्री के लोकार्पण तथा मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालयों एवं मुख्यमंत्री अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालयों के लोकार्पण/शिलान्यास कार्यक्रम का लखनऊ से सीधा लाइव प्रसारण राज्य मंत्री स्व0प्र0/व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग व प्रभारी मंत्री जनपद बिजनौर कपिल देव अग्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के महात्मा विदुर सभागार में आज कार्यक्रम आयोजित हुआ।

मंत्री ने कहा कि प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री ने आज लखनऊ से वर्चुअली बेसिक शिक्षा विभाग के कार्यक्रमों का शुभारंभ व लोकार्पण किया गया।

इसी क्रम में बेसिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश से जुड़ी हुई विभिन्न योजनाओं और परियोजनाओं के शुभारंभ, लोकार्पण एवं शिलान्यास का लाईव प्रसारण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार ने गत 8 वर्षों के अंदर बेसिक शिक्षा परिषद में आमूल-चूल परिवर्तन करने की दिशा में नए कदम बढ़ाए हैं और बेसिक शिक्षा के क्षेत्र में नए-नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि पहले स्कूलों की स्थिति दयनीय होती थी लेकिन पिछले 8 वर्षों में क्रांतिकारी परिवर्तन हुआ। उन्होंने कहा कि हम सब की जिम्मेदारी है की हम गांव में जाकर शिक्षा के प्रति लोगों को प्रोत्साहित करें और अभिभावकों को भी अपने बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन एवं कुशल निर्देशन में शिक्षा के क्षेत्र में जो सफलताएं प्राप्त हुई हैं, उसकी प्रगति को बनाए रखते हुए इस मिशन को आगे बढ़ाने का संकल्प लें।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि महान महापुरुषों के जीवन चरित्र एवं उनके संघर्षों की जानकारी बच्चों को जरूर उपलब्ध कराएं। उन्होंने जिला प्रशासन सहित बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं सभी शिक्षकों को बधाई भी दी।

इस अवसर जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर ने कहा कि जिला बिजनौर में बेसिक शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन हुए हैं, शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को लेब, अतिरिक्त क्लासें, खेलकूद में प्रोत्साहन एवं मार्गदर्शन के कारण उनको निपुण बनाने में अध्यापकगणों द्वारा सार्थक प्रयास किए गए हैं, जिसके परिणाम भी सामने आ रहे हैं। उन्होंने बेसिक शिक्षा विभाग के सभी अधिकारियों एवं अध्यापकों को निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए लाइव संबोधन में जो दिशा-निर्देश दिए गए हैं, उनका अक्षरशः पालन करना सुनिश्चित करें ताकि बेसिक शिक्षा के किए जा रहे सुधारों के सुपरिणाम सामने आ सकें।

मंत्री जी एवं जिलाधिकारी द्वारा कार्यक्रम के दौरान निपुण भारत, एजुकेशनल बोर्ड स्टूडियो एवं शतरंज के खेल में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अध्यापकों, अनुदेशकों एवं खिलाड़ियों को प्रशशित पत्र एवं प्रमाण पत्र तथा स्कूलों को टेबलेट प्रदान किए।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा, भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान, नगर पालिका अध्यक्षा श्रीमती इंद्रा सिंह, बेसिक शिक्षाधिकारी योगेन्द्र सिंह, भाजपा नगर अध्यक्ष अंकुर गौतम, विभागीय अधिकारी, अध्यापकगण मौजूद रहे।

## दवाइयां लेकर 14 लाख रुपये हड़पने पर केस दर्ज

✷ एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷

मुरादनगर में कंपनी से दवाइयां लेकर 14 लाख रुपये हड़पने का मामला सामने आया है। पुलिस ने कंपनी के अधिकारी की तहरीर पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दिल्ली-मेरठ मार्ग पर गांव बसंतपुर सैतली में जगोता एंड प्राइवेट लिमिटेड कंपनी है।

कंपनी के अधिकारी सौरभ गिर्धर ने डीसीपी ग्रामीण को शिकायत पत्र देकर बताया कि जिला गोरखपुर सुरदाही भैसला साहजनवा निवासी अमितेश मिश्रा ने वर्ष 2021-22 में कंपनी से दवाइयां खरीदी थीं और भुगतान भी समय पर कर दिया था।

इससे कंपनी को अमितेश पर भरोसा हो गया। सौरभ ने बताया कि 28 मार्च 2023 को अमितेश ने फिर से दवाइयां खरीदीं, लेकिन का भुगतान नहीं किया गया। दवाइयों कीमत करीब 14 लाख रुपये है। तगादा करने पर आरोपी भुगतान नहीं कर रहे और जान से मारने की धमकी भी दे रहा। डीसीपी ग्रामीण के आदेश पर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। एसीपी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। पीड़ित से दवाइयां के बिल आदि मंगाए गए हैं। इनके आधार पर जांच कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## अहिल्याबाई के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान

✷ एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷

लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर स्मृति प्रदर्शनी का समापन आज भाजपा के पश्चिमी उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया ने किया। स्टेशन पर 24 घंटे तक चली प्रदर्शनी में करीब दो लाख लोगों ने अहिल्याबाई होल्कर के जीवन को जाना।

क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया ने अपने संबोधन में लोकमाता अहिल्याबाई के जीवन की प्रमुख घटनाओं, सामाजिक दृष्टिकोण व न्याय पूर्ण शासन व्यवस्था का उल्लेख करते हुए सभी से उनके जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

# इनामी अपराधी मोहम्मद चांद गिरफ्तार, गौतमबुद्ध नगर पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी'



✷ एनसीआर टुडे. ग्रेटर नोएडा ✷

थाना बीटा-2 पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए 25,000 रुपए के इनामी और गैंगस्टर एक्ट में वांछित गैंग लीडर मोहम्मद चांद को राजस्थान के कोटा से गिरफ्तार कर लिया है। यह गिरफ्तारी 25 मई को लोकल इंटेलिजेंस और गोपनीय सूचना के आधार पर की गई।

पुलिस ने बताया कि अभियुक्त को कोटा सिटी के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल कोटा झील के निकट पत्थर घोड़ा क्षेत्र से दबोचा गया। अभियुक्त मोहम्मद चांद राजस्थान के बारां जिले के अंता थाना क्षेत्र का निवासी है। वह एक सक्रिय गिरोह का सरगना है। उसके गैंग में आरिस नामक व्यक्ति भी सक्रिय सदस्य के रूप में शामिल है।

इस गैंग ने वर्ष 2021 में थाना बीटा-2 क्षेत्र में लूट और ठगी की दो घटनाएं अंजाम दी थीं। पहली घटना में गैंग के सदस्यों ने बर्तन का पाउडर बेचने के बहाने एक घर में प्रवेश किया और पीड़िता के कान के कुंडल और गले का पेंडल लूट लिया था।

दूसरी घटना में उसी वर्ष गैंग ने दवा बेचने और इलाज करने के बहाने घर में घुसकर लगभग 5 लाख रुपए की ठगी की थी।

इन घटनाओं के बाद वर्ष 2022 में अभियुक्त मोहम्मद चांद और सह अभियुक्त आरिस के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत थाना बीटा-2 में मुकदमा दर्ज किया गया था। उसी समय से मोहम्मद चांद फरार चल रहा था और उसकी गिरफ्तारी पर 25,000 रुपए का इनाम घोषित किया गया था।

गिरफ्तार अभियुक्त के आपराधिक इतिहास की बात करें तो उसके खिलाफ थाना बीटा-2 में दर्जन भर संगीन मामले दर्ज हैं।

फिलहाल, पुलिस ने अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है और उसके सहयोगी आरिस की तलाश में दबिश दी जा रही है। पुलिस का कहना है कि इस गिरोह की आपराधिक गतिविधियों पर पूरी तरह से अंकुश लगाने के लिए आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# पांच लाख रुपये न मिलने पर पत्नी को घर से निकाला

✷ एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷



कौशांबी थाना क्षेत्र में दहेज के नाम पर पांच लाख रुपये न मिलने पर महिला को घर से बाहर निकालने का मामला सामने आया है। पीड़ित महिला जुलाई 2024 से अपने मायके में रह रही है। नई टैक्सी लेने के लिए पति महिला पर मायके से पांच लाख रुपये लाने का दबाव बना रहा था।

मांग पूरी न होने पर वह आए दिन महिला से मारपीट करता था। महिला ने थाना कौशांबी में शिकायत दर्ज कराई है। अंकुर विहार निवासी राधाप्रभा की शादी 2016 में अंकुर विहार निवासी विपिन बिधूड़ी के साथ हुई थी। महिला का आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद से ससुराल में उनसे दहेज की मांग की जाने लगी।

आए दिन पति शराब के नशे में मारपीट करते हुए उनसे बदसलूकी किया करता था। वह कुछ समय से नई टैक्सी लेने के लिए उनसे उनकी मां के पास से पांच लाख रुपये लाने का दबाव बना रहा था। जब उन्होंने मना किया तो वह उनसे मारपीट करने लगा तथा उनके एकलौते भाई की हत्या कर देने की धमकी देने लगा। महिला ने आरोप लगाया कि उनके पति ने 28 जुलाई 2024 को उनके साथ मारपीट करते हुए, उन्हें दोनों बच्चियों के साथ घर से बाहर निकाल दिया तथा पांच लाख रुपये लेकर आने के बाद ही घर में आने देने की बात कही।

महिला तभी से अपनी मां व भाई के साथ रह रही है। इसके बाद भी उनका पति आए दिन फोन कर उनके परिवार को जान से मार देने की धमकी देता रहता है।

महिला ने थाना कौशांबी में अपने पति समेत ससुराल वालों के खिलाफ नामजद शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है, जल्द ही मामले में कार्रवाई की जाएगी।

## चोरी की साजिश रचते तीन गिरफ्तार

✷ एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷

लोनी बॉर्डर थाना पुलिस ने चोरी की योजना बना रहे तीन युवकों को सोमवार सुबह लोनी डिपो के पास से गिरफ्तार किया है।

इनके कब्जे से एक तमंचा, हथौड़ा, पेचकस आदि सामान बरामद हुए है। लोनी बॉर्डर थाना पुलिस लोनी डिपो के पास चेकिंग कर रही थी।

लोगों ने डिपो के पास गली में बैठे तीन युवकों के पास तमंचा होने की सूचना दी। पुलिस ने तीनों युवकों को पकड़ लिया।

तलाशी लेने पर इनके कब्जे से एक तमंचा, एक हथोड़ा, एक पेचकस, दो लोहा काटने वाली आरी बरामद हुआ। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में इन्होंने अपने नाम प्रशांत उर्फ शाहरुख, रितेश व अमित निवासी खुशी वाटिका लोनी बॉर्डर बताए।

सीओ अंकुर विहार अजय कुमार ने बताया कि आरोपियों ने दिन में कालोनियों में रेकी के बाद बंद मकानों में चोरी करना स्वीकार किया। इन्होंने बताया कि चोरी करते समय जाग होने पर तमंचा दिखाकर कर भाग जाते थे।

# धोखाधड़ी से सोने की चेन लेकर फरार

✷ एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷



साहिबाबाद थाना क्षेत्र में रविवार को एक ठग ने फोन कॉल पर एक दुकान का पता बताते हुए सोने की चेन मंगाई। इस पर जब ज्वेलर्स ने चेन देकर लड़के को डिलीवरी के लिए भेजा, तो ठग चेन लेकर फरार हो गया। पांच ग्राम की सोने की चेन की कीमत लगभग 46 हजार रुपये है।

पीड़ित ने थाना साहिबाबाद में शिकायत दर्ज कराई है। श्याम पार्क स्थित गली नंबर दो में मनीष वर्मा की ज्वेलर्स की दुकान है। उन्होंने बताया कि रविवार शाम करीब सात बजे उनके पास एक फोन कॉल आई थी।

कॉल उठाने पर एक युवक ने उन्हें श्याम पार्क की गली नंबर चार में स्थित एक दुकान से बात करने का परिचय दिया।

युवक ने उनसे कहा कि उसे पांच ग्राम सोने की चेन चाहिए, जिसे वह उसकी दुकान पर ही भिजवा दे और पैसे वहीं पर हाथों-हाथ दे देने की बात कही। इस पर मनीष ने अपने लड़के को पांच ग्राम सोने की चेन बताए गए पते पर लेकर भेज दिया।

मनीष का कहना है कि जैसे ही उनका लड़का बताई गई दुकान पर पहुंचा, वहाँ पहले से एक व्यक्ति मौजूद था, जिसने उनके लड़के से चेन ले ली और पैसे लाने की बात कही। लेकिन वह काफी देर तक लौटकर नहीं आया। इसके बाद जब उन्होंने जिस नंबर से फोन कॉल आई थी, उस पर कॉल की तो उधर से बात करने वाले व्यक्ति ने खुद को सब्जी बेचने वाला बताया।

उसने कहा कि वह सब्जी बेचने का काम करता है और किसी अंजान लड़के ने उससे उसका फोन मांगकर एक कॉल की थी, लेकिन न तो वह उस लड़के को जानता है और न ही उसे सोने की चेन की कोई जानकारी है। इस पर पीड़ित को अपने साथ हुई ठगी का एहसास हुआ।

इस मामले में उन्होंने थाना साहिबाबाद में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस का कहना है कि घटना की शिकायत दर्ज कर ली गई है। घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज खंगालकर आरोपी की तलाश की जा रही है।

# खनन के ओवरलोडेड वाहनों से एकलोते पुल पर मंडराया खतरा, किसान बैठे धरने पर

✷ एनसीआर टुडे. बिजनौर ✷





सरकारी परमिशन से चल रहे मिट्टी लेकर जाने वाले वाहनों से यहां क्षेत्र के ग्राम कासमाबाद और पाइंदापुर के बीच स्थित नहर पर बने पुल पर मंडराते ख़तरे को भांपते हुए किसानों ने धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। विरोध में सोमवार को क्षेत्र के सैकड़ों किसान एकजुट हो गए और मिट्टी के काम में लगे वाहनों को रोकते हुए पुल का राश्ता जाम कर विरोध शुरू कर दिया।

किसान अनुज बालियान ने बताया कि हमारे खेतों पर जाने के लिए बस एक मात्र यही पुल साधन है, जो कि तमाम प्रयासों के बाद बना था, अब यह टूटने के कगार पर है ,किसानों का कहना है कि अगर इन बड़े वाहनों के कारण ये पुल टूट गया तो हम किसान बेहाल और लाचार हो जाएंगे।

इसलिए हमारी मांग है कि इस पुल की मरम्मत कराते हुए इन मिट्टी के वाहनों को भी रोका जाए। किसानों के धरने को देखते हुए मौके पर पुलिस क्षेत्रअधिकारी, सरकारी अमला भी मौके पर पहुंच गया है।

समाचार लिखे जाने तक किसानों का विरोध प्रदर्शन जारी था। इस मौके पर शशांक चौधरी,राजदेव सिंह, भूदेव सिंह, दिनेश कुमार, हुक्म सिंह, सनी कुमार, रॉबिन कुमार, बंटी आदि किसान मौजूद रहे।

## बहन के घर बैठे दो भाइयों के साथ मारपीट

✷ एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷

लोनी बॉर्डर थाना की उत्तरांचल विहार कॉलोनी में बहन के घर मिलने आए दो भाइयों के साथ तीन लोगों ने मारपीट की। विरोध करने पर हमलावरों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी।

पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। बेहटा हाजीपुर की उत्तरांचल विहार कॉलोनी में कमल सिंह रहते है।

उन्होंने बताया कि रविवार दोपहर वह बड़े भाई भगवान सिंह के साथ पड़ोस में रहने वाली बहन के घर मिलने गये थे। जब वह बहन के घर में बैठकर बहन और बहनोई से बातचीत कर रहे थे। तभी कॉलोनी में रहने वाले ब्रहमपाल, सोहनपाल व बबलू बहन के घर पहुंचे और किसी पुरानी बात को लेकर विवाद करने लगे।

आरोप है कि तीनों ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। विरोध करने पर तीनों ने दोनों भाइयों के साथ मारपीट की।

# फास्ट फूड की दुकान कर्मी युवक ने फंदा लगाकर आत्महत्या की

✷ एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷

लोनी थाना क्षेत्र के सिरोली गांव में रविवार देर रात फास्ट फूड की दुकान में काम करने वाले कर्मचारी ने कमरे की छत पर लगे कुंदे में रस्सी से फंदा लगा लिया।

गृहस्वामी ने कमरे का दरवाजा तोड़कर युवक को फंदे से उतारकर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सक ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दी है। सिरोली गांव निवासी राजेंद्र सिंह की गांव के मुख्य मार्ग पर फास्ट फूड की दुकान है। दुकान में काम करने वाला कारीगर 28 वर्षीय दीपेश निवासी दार्जिलिंग पत्नी प्रिया के साथ उनके मकान में किराए पर रहता था। रविवार रात किसी बात को लेकर पति व पत्नी में कहासुनी हो गई थी। जिसपर पत्नी छत पर सोने चली गई। जबकि कर्मचारी कमरे में सोने चला गया। रात करीब तीन बजे जब पत्नी छत से नीचे आई तो कमरे का दरवाजा बंद था। काफी खटखटाने के बाद भी दरवाजा न खुलने पर उसने गृहस्वामी को मामले की जानकारी दी। गृहस्वामी ने कमरे का दरवाजा तोड़ा तो देखा कि कर्मचारी ने छत में लगे कुंदे में रस्सी से फंदा लगा रखा था।

गृहस्वामी उसे फंदे से उतार कर दिल्ली के जीटीबी अस्पताल लेकर पहुंचे। चिकित्सक ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। एसीपी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि गृहस्वामी की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना किया है। मृतक का पोस्टमार्टम दिल्ली में होगा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा।

# अहिल्याबाई होल्कर तिरीशताबदी स्मृति अभियान कार्यक्रम आयोजित

✷ एनसीआर टुडे. बिजनौर ✷



पुन्यश्लोक रानी अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के अंतर्गत नमामि गंगे की ओर से गंगा बैराज घाट बिजनौर पर एक विशाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में अहिल्याबाई होल्कर जी के चित्र पर पुष्पांजलि की गयी, घाट पर कार्य करके अपनी जीविका चलाने वाले लोगों को सम्मानित किया गया। मां गंगा की आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष भाजपा श्री भूपेंद्र चौहान बॉबी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता पंडित अभिषेक शास्त्री में अहिल्याबाई होल्कर जी के जीवन पर विश्तार से प्रकाश डाला।

इस कार्यक्रम के संयोजक नमामि गंगे के क्षेत्रीय संयोजक धीरसिंह तथा सहसंयोजक विष्णुपद रहे। कार्यक्रम का संचालन कुलदीप कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर महिला आयोग की सदस्य श्रीमती संगीता अग्रवाल , मोनिका यादव, सरिता सैनी, डॉ बीरबल सिंह, अंकुर गौतम,देवांग सेठ, विनोद राठी, देवेंद्र मलिक, राजेंद्र सिंह भुय्यार, राजवीर सिंह, सुनील राजपूत, मधु भूषण, पंडित गोपाल धीमान,अवनीश निगम, माया पाल, पवन चौहान, संजू प्रधान, प्रतीक राठी, शुभम चौधरी, सुधांशु काकरान, सूरज चौधरी, राहुल चौधरी, मदन सिंह,बृजपाल सिंह, गौरव कुमार,सत्येंद्र सिंह, वेदराम, सोमपाल, प्रदीप कुमार तथा भाजपा के जिले के सभी पदाधिकारी तथा मंडलों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।


**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

वरि. मण्डल यांत्रिक इंजीनियर / उत्तर रेलवे, ट्रेनसेट डिपो, शकूरबस्ती, भारत के राष्ट्रपति की ओर से उनके लिए निम्नलिखित कार्य के लिए GeM पोर्टल (https://gem.gov.in) पर आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा संख्या | GEM/2025/B/6265166, Dated 24.05.2025 |
| कार्य का विवरण | ट्रेनसेट डिपो, शकूरबस्ती में दो वर्ष की अवधि के लिए विविध गतिविधियों के लिए डाटा एंट्री ऑपरेटरों की भर्ती का प्रावधान। |
| अनुमानित लागत | ₹ 47,17,880.56 (GST सहित) |
| बयाना राशि | ₹ 94,360.00 |
| कार्य अवधि | 02 वर्ष |
| निविदा खुलने की तिथि, समय | 14.06.2025, 18:30 बजे |
| निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने के इंटरनेट साइट | उपरोक्त निविदा GeM पोर्टल पर उपलब्ध है जो कि है https://gem.gov.in दिनांक 24.05.2025 से प्रभावी है। |

सं.: 25.8.909.DSL.SSB दिनांक: 26.05.2025 1541/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## संपादकीय

# अमेरिकी सिंहासन से जारी होते तुगलकी फरमान

अमेरिका की स्थित निरंतर असहज होती जा रही है। अन्तर्राष्ट्रीय श्तर से लेकर घरेलू मामलों तक में वहां के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के फरमान मुहम्मद तुगलक की याद ताजा करने लगे हैं। मुहम्मद तुगलक व्दारा अपनी राजधानी का स्थानान्तरण दिल्ली से दौलताबाद और फिर दौलताबाद से दिल्ली करने से लेकर चमडे के सिक्के चलाने तक के किस्से आज भी चटखारे लेकर कहे-सुने जाते हैं। ऐसा ही कुछ हाल डोनाल्ड ट्रंप का भी नजर आ रहा है।

कभी टैरिफ को लेकर विवादास्पद बने तो कभी एपल, सैमसन जैसी कम्पनियों को धमकी देने नजर आये। कभी हार्वर्ड विश्वविद्यालय में विदेशी छात्रों के दाखिले पर प्रतिबंध लगाया तो कभी विदेशी अतिथियों के साथ व्हाइट हाउस में अभद्र व्यवहार किया।

विचित्र मानसिक स्थिति से गुजर रहे अमेरिकी राष्ट्रपति का व्यवहार इन दिनों पूरी दुनिया में चर्चा का विषय बना हुआ है। कभी आपरेशन सिंदूर को रुकवाने का श्रेय लेने के लिए आगे आते हैं तो कभी अपनी ही बात से पीछे हट जाते हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की के साथ खनिज अनुबंध को लेकर दबाव बनाने के दौरान गर्मागर्म बहस होने के बाद अभी हाल ही में दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा को कथित रूप से फर्जी वीडियो दिखाकर रंग-भेद पर उनकी बौखलाहट देखते ही बनी। उन्होंने अपने सहयोगी इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू तक को वहां की आन्तरिक नीतियों पर नहीं बक्शा था।

ट्रंप ने तो इजरायल को उसके कट्टर दुश्मन तुर्किये तथा ईरान तक के साथ तर्क संगत करने की सीख तक दे दी थी। ऐसे में भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ ट्रंप की मुलाकात न केवल सम्मानजनक वातावरण में हुई थी बल्कि आतिथ्य देने वाले ने मोदी की जमकर प्रशंसा भी की थी। उन्होंने कहा था कि यह मुझसे कहीं ज्यादा सख्त वार्ताकार हैं, इनसे कोई मुकाबला ही नहीं है।

ईमानदाराना बात तो यह है कि भारत की बढती अर्थ व्यवस्था, शीर्ष पर पहुंचती प्रतिभायें, आत्मनिर्भरता का ऊपर उठता ग्राफ, तकनीकी प्रगति, स्वदेशी हथियारों की बाढ, विदेश नीति का फहराता परचम, आन्तरिक स्थिरता जैसे अनगिनत कारण है जो अमेरिका के माथे पर उभर रही चिन्ता की लकीरों को निरंतर गहरा कर रहे हैं। रूस, यूक्रेन, फ्रांस, इटली, जापान, जर्मनी जैसे देशों के साथ भारत ने संतुलित संबंध स्थापित किये हैं जिनके कारण दुश्मन की कूटनैतिक चालों से लेकर घातक षडयंत्रों तक पर नियंत्रण लगना शुरू हो गया है।

बंगला देश के माध्यम से भारत को तनाव देने की अमेरिकी चाल असफल रही तो चीनी झंसे में आकर मालदीप और श्रीलंका की अल्पकाल के लिए खराब हुई बुध्दि फिर से सकारात्मक हो गई। पाकिस्तान के कंधे पर रखकर चीन और अमेरिका ने एक साथ बंदूकें चलाई थीं। जहां अमेरिका ने आतंक के संरक्षक को अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष से कर्जा दिलवाया, विश्व बैंक से राहत दिलवायी, कूटनैतिक चालें चलीं वहीं चीन ने उसे प्रत्यक्ष समर्थन ही नहीं दिया बल्कि युध्द हेतु अत्याधुनिक साज-ओ-सामान सहित अपनी सैटलाइट सुविधा तक उपलब्ध करायी।

वर्तमान में दुश्मनों व्दारा एक साथ मिलकर भारत की बहुमुखी तरक्की को रोकने के लिए घिनौनी चालें, खतरनाक षडयंत्र और छद्म युद्ध जैसे हथियारों का खुलकर उपयोग किया जा रहा है। भारत की साख को बट्टा लगाने के अवसर पैदा करने की चल रही कोशिशों को तूफानी गति दी जा रही है। इस बार अमेरिका का राष्ट्रपति बनने से पहले ही ट्रंप ने रूस-यूक्रेन तथा इजरायल-हमास के मध्य चल रहे युध्द को रुकवाने की गारंटी दी थी। कुछ समय तक प्रयास भी किये परन्तु जब सफल नहीं हुए तो टैरिफ को हथियार बनाकर दुनिया को गुलाम बनाने की पहल शुरू कर दी। अनेक देशों के कडे रुख के कारण वे पूरी तरह सफल नहीं हुए।

अनेक अवसरों पर उन्हें अपने कदम पीछे करने पडे। तुगलकी फरमानों के साथ-साथ बडबोलेपन के कारण भी ट्रंप को अब विदूषक के रूप में स्वीकारा जाने लगा है। यह एक मात्र ऐसे राष्ट्रपति है जिन्हें न्यायालय व्दारा दोषी करार दिया जा चुका है। मैनहटन क्रिमिनल कोर्ट के जस्टिस जुआन मरचैन ने उन्हें राष्ट्रपति चुनाव के प्रचार के दौरान ही एक अडल्ट स्टार को मुंह बंद रखने के लिए एक लाख तीस हजार डालर का पेमेंट करने के मामले में दोषी मानते हुए बिना किसी पैनाल्टी के सजा सुनाई थी।

दोषी व्यक्ति ने राष्ट्रपति का पद सम्हाला और फिर जुट गये मनमानियों को अमली जामा पहनाने में। अहंकार को पोषित करने, दुनिया का चौधरी बनने जैसे कारकों के कारण आज अमेरिका स्वयं विवाद का पर्याय बनकर स्थापित होने लगा है। संवेदनशीलता के नाम पर दिखावा करने वाला अमेरिका को भारत का विकास फूटी आंखों भी नहीं सुहा रहा है। अमेरिकी सिंहासन से जारी होते तुगलकी फरमानों से पूरी दुनिया में मंदी का दौर निर्मित होने लगा है।

व्यापार से लेकर आपसी संबंधों तक की चूलें हिलने लगीं हैं। नित नये हथकण्डे आजमाने, पर्दे के पीछे से खुराफातें करने और मानवता विरोधी मुहिम चलाने में लगे ट्रंप से देश-दुनिया को सावधान रहना पडेगा अन्यथा सीआईए के विस्तार नेटवर्क की दम पर विकासशील देशों में आन्तरिक युध्द की स्थितियां निर्मित होते देर नहीं लगेंगी। इस बार बस इतना ही। अगले सप्ताह एक नई आहट के साथ फिर मुलाकात होगी।

# सेना में दिखने लगा महिला शक्ति का दम

**रमेश सर्राफ धमोरा**



भारतीय सेना में महिला शक्ति का दम दिखाई देने लगा है। पुरुषों की तरह महिलाएं भी सेना में बढ़ चढ़कर अपनी योग्यता का प्रदर्शन कर रही हैं। इसका ताजा उदाहरण हाल ही में सेना द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की प्रेस ब्रीफिंग में सेना की दो महिला अधिकारियों द्वारा युद्ध से संबंधित जानकारी देना एक महत्वपूर्ण कदम रहा है। विदेश सचिव विक्रम मिसरी के साथ कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर भारत के पराक्रम की तस्वीर को पूरी दुनिया के सामने पेश किया और बताया कि आखिर ऑपरेशन सिंदूर के जरिए भारत ने कैसे और क्या कार्यवाही की। सेना की दोनों महिला अधिकारियों ने सैनिक कार्यवाही की हर दिन प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से देश दुनिया को ताजा जानकारी प्रदान कर यह दिखा दिया कि भारत में महिला शक्ति भी किसी से कम नहीं है।

भारत में सदियों से महिलाओं को मातृशक्ति का दर्जा दिया जाता रहा है। कहा गया है कि यत्र नार्यश्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः। यत्रैताश्तु न पूज्यन्ते सर्वाश्तत्राफलाः क्रियाः।।

अर्थातः जहां नारियों की पूजा होती है वहां देवता रमते हैं। जहां नारियों की पूजा नहीं होती, वहां किए गए सभी कार्य निष्फल हो जाते हैं। हम देश में साल में दो बार नवरात्र पर मातृशक्ति रूपी मा दुर्गा की पूजा कर देश दुनिया को यह संदेश देते हैं कि मातृ शक्ति भी किसी से कम नहीं है। अब तो हमारी सेना में पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर अपनी उत्कृष्ट क्षमता दिखा दी है। महिलाएं फाइटर प्लेन उड़ा रही है। तो युद्ध भूमि में हर प्रकार की भूमिका निभाने को तैयार नजर आ रही है।

भारतीय सशस्त्र बलों में महिलाओं की भागीदारी का इतिहास लंबे संघर्ष और बदलावों से भरा रहा है। स्वतंत्रता संग्राम के समय से ही महिलाएं भारत की सुरक्षा और सेवा में अप्रत्यक्ष रूप से योगदान देती रही हैं। लेकिन सेना में औपचारिक तौर पर उनकी नियुक्ति का राश्ता बहुत बाद में खुला। साल 1943 में बनी रानी झांसी रेजिमेंट, नेताजी सुभाष चंद्र बोस की आजाद हिंद फौज का हिस्सा थी। यह पहली बार था जब महिलाएं युद्ध के मोर्चे पर सक्रिय रूप से दिखाई दी। आजादी के बाद भी सशस्त्र बलों में महिलाओं को लंबे समय तक सहायक भूमिकाओं तक ही सीमित रखा गया।

भारत की तीनों सेनाओ (थल सेना, नौसेना, वायु सेना) में महिलाओं की संख्या को लेकर अगश्त 2023 में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने संसद में बताया था कि तीनों सेना में 11414 महिलाएं सेवाएं दे रही है। थल सेवा में 7054 महिलाएं सेवारत है। इनमें 1733 महिला अधिकारी है। यह आंकड़ा 1 जनवरी 2023 तक का है। भारतीय वायु सेवा में 1654 अधिकारी सेवारत है जबकि 155 महिलाएं एयर मेन (अग्निवीर) के रूप में सेवा दे रही है। भारतीय नौसेना में 580 महिलाएं अधिकारी के रूप में सेवारत है जबकि 727 महिलाएं सैलर्स (अग्निवीर) के तौर पर तैनात है।

इसी तरह 1212 महिलाएं भारतीय थल सेना के आर्मी मेडिकल कॉर्प्स में 168 महिलाएं आर्मी डेंटल कार्स में और 3841 महिलाएं मिलिट्री नर्सिंग सर्विस में कार्यरत है। 151 महिलाएं नौसेना के मेडिकल कॉर्प्स में 10 महिलाएं डेंटल कार्य और 380 महिलाएं मिलिट्री नर्सिंग सर्विस में सेवारत है। 274 महिलाएं भारतीय वायु सेवा के मेडिकल कॉर्प्स में पांच महिलाएं डेंटल कॉर्प्स में और 425 महिलाएं मिलिट्री नर्सिंग सर्विस में सेवारत है।

पहले महिलाओं को शार्ट सर्विस कमीशन में ही लिया जाता था। लेकिन फरवरी 2020 में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद महिलाओं को सेना में स्थाई कमीशन मिलने लगा है। अब एनडीए की कुल सीटों का 10 प्रतिशत सीटों पर लड़कियां सिलेक्ट होती है और वह भी ओपन कंपटीशन में मुकाबला करके।

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने मार्च 2025 में संसद में बताया था कि 2022 में महिला कैडेट्स के पहले बैच की एंट्री के बाद से अब तक एनडीए में 126 महिलाओं को एडमिशन मिला है। आर्म्ड फोर्सज में आने के बाद उनके लिए भी अवसर समान होते हैं। उनका करियर प्रोग्रेस वैसा ही होगा जैसा लड़कों का होगा। सर्विस रूट समान होते हैं। अब हम गर्व के साथ कह सकते हैं कि हमारी सेना में पूरी तरह जेंडर न्यूट्रलाइजेशन हो गया है।

सेना में आज हमारी महिला कॉम्बैट पायलट भी है। जो मिसाइल चलती है मोर्चे पर भी जाती है। वह इंजीनियरिंग का कार्य भी देखती है और सैटेलाइट को भी नियंत्रित करती है। अब महिलाएं डिफेंस भी करती है। टेक्निकल इंटेलिजेंस भी एकत्रित करती है। अभी तक आमने-सामने की लड़ाई में महिलाओं को नहीं भेजा जाता है। राजस्थान में झुंझुनू जिले की स्क्वाड्रन लीडर मोहन सिंह 2016 में भारतीय वायु सेवा की तेजस फाइटर स्पाइडर में शामिल होने वाली पहली महिला बनी। इससे पहले वह मिग 21 बाइसन फाइटर प्लेन भी उड़ा चुकी है। ग्रुप कैप्टन सालिया धामी वायु सेवा की ऐसी पहली महिला अधिकारी बनी है जो फ्रंटलाइन काम्पैक्ट यूनिट की कमान संभाल रही है। फ्लाइंग यूनिट की फ्लाइट कमांडर बनने वाली भी वह पहली महिला अधिकारी है। भारत की सशस्त्र सेना चिकित्सा सेवा और थलसेना एवं नौसेना की चिकित्सा सेवाओं का नेतृत्व महिला अधिकारी ही कर रही हैं।

रक्षा बलों में लैंगिक समानता सुनिश्चित करने की दिशा में भारत की प्रगति धीमी रही है। लेकिन लोगों का मानना है कि इसमें लगातार प्रगति हुई है। अब एक साथ बहुत सारी महिलाएं प्रमुख भूमिकाओं में हैं। वे दूसरों के लिए राश्ता बना रही हैं। उनके प्रदर्शन पर बहुत कुछ निर्भर करेगा। अगर वे अच्छा काम कर रही हैं तो उन्हें स्वीकार करना आसान होगा और आने वाली महिलाओं के लिए राश्ता साफ हो जाएगा।

शॉर्ट सर्विस कमीशन के तहत महिलाएं केवल 10 या 14 साल तक सेवाएं दे सकती हैं। इसके बाद वो सेवानिवृत्त हो जाती हैं। लेकिन अब उन्हें स्थायी कमीशन के लिए आवेदन करने का भी मौका मिलेगा। जिससे वो सेना में अपनी सेवाएं आगे भी जारी रख पाएंगी और रैंक के हिसाब से सेवानिवृत्त होंगी। साथ ही उन्हें पेंशन और सभी भत्ते भी मिलेंगे।

1992 में पांच साल के लिये शॉर्ट सर्विस कमीशन के लिए महिलाओं का पहला बैच भर्ती हुआ था। इसके बाद इस सर्विस की अवधि को 10 साल के लिए बढ़ाया गया। 2006 में शार्ट सर्विस कमीशन को 14 साल कर दिया गया।

भारतीय सेना अब महिलाओं को सशत्र बल में नियुक्ति के लिए उनके लिए तय की गई नीतियों को लागू कर प्रोत्साहित करती है। इसके लिए महिलाओं के लिए आर्मी मेडिकल कोर, आर्मी डेंटल कोर और मिलिटरी नर्सिंग सेवाओं के लिए परमानेंट कमिशन को मंजूरी दी गई है। अब 11 आर्म्स एंड सर्विसेज में महिला अधिकारियों को परमानेंट कमिशन मिलता है। जिनमें आर्मी सर्विस कोर, आर्मी आर्डनेंस कोर, आर्मी एडुकेशन कोर, जज एडवोकेट जनरल ब्रांच, इंजीनियर कोर, सिगनल कोर, इलेक्ट्रॉनिक्स और मकैनिकल कोर, इंटेलीजेंस कोर, आर्मी एयर डिफेंस, आर्मी एविएशन, रीमाउंट एंड वेटनरी कोर आदि शामिल हैं।

परमानेंट कमिशन के बाद महिला अधिकारी इंडियन आर्मी के सबसे महत्वपूर्ण अंगों में शामिल आर्टिलरी का हिस्सा बनने लगी है। सेना आर्टिलरी की लगभग 300 रेजिमेंट और लगभग 5,000 अधिकारी हैं। आर्टिलरी में शामिल महिला अधिकारियों की बोफोर्स, होवित्जर, के-9 वज्र जैसी तोपों पर भी 2023 में तैनाती की अनुमति दी जा चुकी है।

वर्तमान में भारतीय सशस्त्र बलों में नियुक्तियों में लैंगिक आधार पर कोई भेदभाव नहीं किया जाता है। पुरुष और महिला जवानों की हथियारों और सेवाओं के लिए तैनाती में किसी प्रकार का अंतर नहीं किया जाता है। सभी की पोस्टिंग सेना की जरूरतों के अनुसार की जाती है। भारतीय सेना में महिला अफसरों को परमानेंट कमिशन के लिए 23 नवंबर 2021 को एक जेंडर न्यूट्रल करियर प्रोग्रेशन पॉलिसी लाई गई थी। इसके जरिए महिलाओं को हथियारों व अन्य सेवाओं में समान अवसर उपलब्ध कराए गए हैं।

**(लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं)**

# सांप्रदायिक राजनीति से लड़ते हुए लोकतंत्र के लिए संघर्ष जरूरी

**पी सुधीर**




प्रमुख मुद्दे के अलावा, अन्य मामले भी थे जिनके लिए आधिकारिक स्पष्टीकरण की आवश्यकता थी -विशेष रूप से सैन्य मुठभेड़ से जुड़ी रिपोर्टों के संबंध में। मुख्यधारा के मीडिया द्वारा विचित्र और अपुष्ट दावों के प्रचार को देखते हुए यह विशेष रूप से आवश्यक हो गया था। इनमें से कुछ रिपोर्ट, विशेष रूप से 8 मई की रात को प्रसारित की गयी, जो इतनी अपमानजनक थीं।

इस तथ्य के बावजूद कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहलगाम में बैसरन घाटी में हुई भीषण हत्याओं पर भारत की संभावित प्रतिक्रिया पर चर्चा करने के लिए संसद में बुलाई गयी दो सर्वदलीय बैठकों से स्वयं को दूर रखने का फैसला किया, जिसका असली कारण तो केवल उन्हें ही पता है, पर इन बैठकों में विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने भाग लिया।

सभी उपस्थित दलों के नेताओं ने लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी), जो कि संबंधित संयुक्त राष्ट्र एजेंसी द्वारा नामित एक आतंकवादी संगठन है, से जुड़े आतंकवादियों द्वारा की गयी आतंकी हत्याओं की स्पष्ट रूप से निंदा की। उन्होंने प्रतिक्रिया में उचित कदम उठाने में सरकार को अपना समर्थन भी दिया। युद्ध विराम की घोषणा तक यह आम सहमति बनी रही। सभी पक्षों ने सैन्य मुठभेड़ समाप्त होने तक कोई भी सवाल उठाने से परहेज किया।

यह इसके बावजूद कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की एकतरफा घोषणा कि उन्होंने और उनके प्रशासन ने युद्ध विराम के निर्णय में मध्यस्थता की और उसे आगे बढ़ाया। फिर उसके बाद ट्रम्प ने यह भी दावा किया कि भारत और पाकिस्तान दोनों को व्यापार परिणामों की धमकी के तहत युद्ध विराम के लिए दबाव डाला गया था। वह न केवल आश्चर्यजनक था, बल्कि शिमला समझौते में निहित सिद्धांतों का उल्लंघन भी था। बातचीत के माध्यम से समाधान के परिणामस्वरूप हुए उस समझौते ने दोनों देशों को चर्चा के माध्यम से सभी विवादास्पद मुद्दों को द्विपक्षीय रूप से हल करने के लिए प्रतिबद्ध किया था। इसके बावजूद, पाकिस्तान ने लगातार कश्मीर मुद्दे का अंतरराष्ट्रीयकरण करने का प्रयास किया है।

यदि राष्ट्रपति ट्रंप के दावों को सच मान लिया जाये, तो उनका अर्थ होगा कि कश्मीर मुद्दे का वास्तव में अंतरराष्ट्रीयकरण हो चुका है - एक निहितार्थ जो रणनीतिक और कूटनीतिक परिणामों से भरा हुआ है। हालांकि भारतीय अधिकारियों और सरकार ने दावा किया है कि युद्ध विराम द्विपक्षीय चर्चाओं का परिणाम था, इन दावों की सत्यता के बारे में काफी भ्रम, यदि वास्तविक संदेह नहीं हो तो भी, बना हुआ है।

इस प्रमुख मुद्दे के अलावा, अन्य मामले भी थे जिनके लिए आधिकारिक स्पष्टीकरण की आवश्यकता थी -विशेष रूप से सैन्य मुठभेड़ से जुड़ी रिपोर्टों के संबंध में। मुख्यधारा के मीडिया द्वारा विचित्र और अपुष्ट दावों के प्रचार को देखते हुए यह विशेष रूप से आवश्यक हो गया था। इनमें से कुछ रिपोर्ट, विशेष रूप से 8 मई की रात को प्रसारित की गयी, जो इतनी अपमानजनक थीं कि भारतीय मीडिया को अंतरराष्ट्रीय समुदाय के अधिकांश लोगों द्वारा कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ा। इन गलत बयानों ने अंततः हमारे राष्ट्रीय हितों को चोट पहुंचाई। इस प्रकार, युद्ध विराम के बाद, संसद के पटल पर सरकार द्वारा एक प्रामाणिक बयान एक तत्काल आवश्यकता बन गई। इसके अतिरिक्त, जब पाकिश्तान के एक अरब डॉलर के ऋण के अनुरोध को बिना किसी आपत्ति या देरी के आईएमएफ के प्रबंधन बोर्ड द्वारा अनुमोदित किया गया, तब यह स्पष्ट रूप से एक कूटनीतिक विफलता थी।

इस संदर्भ में संसद के एक विशेष सत्र का आयोजन तत्काल महत्व रखता है। सरकार द्वारा जारी एक आधिकारिक बयान, जिसके बाद सदन में एक संरचित बहस होती,और जो एक सच्ची राष्ट्रीय सहमति बनाने की अनुमति देता। इस तरह के एक कदम से पारदर्शिता और राजनीतिक परिदृश्य में कई और विविध दृष्टिकोणों का एकीकरण भी सुनिश्चित होता। परिभाषा के अनुसार, राष्ट्रीय सहमति थोपी या निर्मित नहीं होती है - इसे लोकतांत्रिक जुड़ाव के माध्यम से विकसित होना चाहिए। इस विकास में भिन्न दृष्टिकोणों की अभिव्यक्ति एक महत्वपूर्ण घटक है।

फिर भी, अपने ही ज्ञात कारणों से, सरकार ने विशेष सत्र की मांग पर सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं देने का फैसला किया। इसके बजाय, उसने मान लिया कि आतंकवाद और उसके प्रायोजकों की निंदा करने में राजनीतिक दलों का समर्थन व्यापक राष्ट्रीय सहमति के रूप में प्रदर्शित किया जा सकता है।

सैन्य मुठभेड़ के दौरान, आधिकारिक प्रेस कॉन्फ्रेंस में से एक में, विदेश सचिव ने एक पाकिस्तानी नेता की टिप्पणी का सही जवाब दिया कि भारतीय अपनी सरकार की आलोचना करते हैं। विक्रम मिसरी ने इस बात पर प्रकाश डाला कि भारत एक जीवंत लोकतंत्र है जहां सरकार लोगों के प्रति जवाबदेह है। वाश्तव में, भारत का संविधान और इसका धर्मनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक गणराज्य घरेलू और बाहरी दोनों तरह की चुनौतियों का सामना करने में हमारी प्रमुख ताकत है। राष्ट्रीय सम्मान का यह क्षण एक बार फिर से उन ताकतों की पुष्टि करने का एक महत्वपूर्ण अवसर था, ताकि एक वाश्तविक राष्ट्रीय सहमति विकसित करने के लिए उचित, पारदर्शी और लोकतांत्रिक बहस में शामिल होकर ऐसा किया जाता।

इस पृष्ठभूमि में, सरकार ने कूटनीतिक पहुंच बढ़ाने के साधन के रूप में राजनीतिक एकता दिखाने का प्रयास किया। लेकिन उचित और समावेशी आम सहमति के बिना, उस कूटनीतिक लाभ को बनाये रखना भी मुश्किल हो जायेगा। फिर भी, भारत की स्थायी ताकत उसके संविधान के मूल मूल्यों में निहित है। सीमा पार आतंकवाद की समकालीन चुनौती का सामना करने में इन्हें नये जोश के साथ पेश किया जाना चाहिए।

इसलिए, वर्तमान अनिवार्यता पहचान से प्रेरित सांप्रदायिक राजनीति के सभी रूपों का मुकाबला करते हुए लोकतंत्र के लिए संघर्ष जारी रखना है। धुरवीकरण को भड़काने के लगातार प्रयासों के मद्देनजर यह दोगुना महत्वपूर्ण हो जाता है।

हालांकि, इस तरह केआतंकवाद के खिलाफ हमारे अभियान को आगे बढ़ाने और भारत को पाकिस्तान से अलग करने के लिए कूटनीतिक प्रयासों को मजबूत करने की आवश्यकता को कम नहीं करना चाहिए। हमारा लक्ष्य इस महत्वपूर्ण मोड़ पर इन दोहरी अनिवार्यताओं को एकीकृत करना होना चाहिए।

# किशोरों में बढ़ रही हिंसक प्रवृत्ति गंभीर चुनौती

**ललित गर्ग**

भारतीय बच्चों में बढ़ रही हिंसक प्रवृत्ति एवं क्रूर मानसिकता चिन्ताजनक है, नये भारत एवं विकसित भारत के भाल पर यह बदनुमा दाग है। पिछले कुछ समय से स्कूली बच्चों में बढ़ती हिंसा की प्रवृत्ति निश्चित रूप से डरावनी, मर्मांतक एवं खौफनाक है।

चिंता का बड़ा कारण इसलिए भी है क्योंकि जिस उम्र में बच्चों के मानसिक और सामाजिक विकास की नींव रखी जाती है, उसी उम्र में कई बच्चों में आक्रामकता एवं क्रूर मानसिकता घर करने लगी है और उनका व्यवहार हिंसक होता जा रहा है। कैथल जनपद के गांव धनौरी में दो किशोरों की निर्मम एवं क्रूर हत्या की हृदयविदारक घटना न केवल उद्वेलित एवं भयभीत करने वाली है बल्कि चिन्ताजनक है।

चौदह-पंद्रह साल के दो किशोरों की गला रेतकर हत्या कर देना और वह भी उनके हमउम्र साथियों द्वारा, हर संवेदनशील इंसान को हिला देने वाली डरावनी एवं खैफनाक घटना है, जो किशोरों में पनप रहे हिंसक बर्ताव एवं हिंसक मानसिकता का घिनौना एवं घातक रूप है।

जिस उम्र में बच्चों को पढ़ाई-लिखाई और खेलकूद में व्यश्त रहना चाहिए, उसमें उनमें बढ़ती आक्रामकता, हिंसा एवं क्रूरता एक अस्वाभाविक और परेशान करने वाली बात है। जाहिर है दसवीं-ग्यारहवीं के छात्रों की क्रूर हत्या हमारे समाज में बढ़ती संवेदनहीनता को भी दर्शाती है। ऐसी कई अन्य घटनाओं में स्कूल में पढ़ने वाले किसी बच्चे ने अपने सहपाठी पर चाकू या किसी घातक हथियार से हमला कर दिया और उसकी जान ले ली। अमेरिका की तर्ज पर भारत के बच्चों में हिंसक मानसिकता का पनपना हमारी शिक्षा, पारिवारिक एवं सामाजिक संरचना पर कई सवाल खड़े करती है।

जैसाकि घटना से संबंधित तथ्यों में बताया गया कि हत्या में शामिल युवक धनौरी गांव के ही थे और कुछ दिन पहले किशोरों को धमकाने उनके घर आए थे। मारे गए किशोरों पर हत्या आरोपियों ने आरोप लगाया था कि वे उनकी बहनों से छेड़खानी करते थे। निश्चय ही ऐसे छेड़खानी के कथित आरोप को नैतिक दृष्टि से अनुचित ही कहा जाएगा, लेकिन उसका बदला हत्या कदापि नहीं हो सकती। यह दुखद है कि एक मृतक किशोर अरमान पांच बहनों का अकेला भाई था। घटना से उपजी त्रासदी से अरमान के परिवार पर हुए वज्रपात को सहज महसूस किया जा सकता है।

उनके लिये जीवनभर न भुलाया जा सकने वाला दुख एवं संत्रास पैदा हुआ है। बड़ा सवाल है कि जिन वजहों से बच्चों के भीतर आक्रामकता एवं हिंसा पैदा हो रही है, उससे निपटने के लिए क्या किया जा रहा है? पाठ्यक्रमों का स्वरूप, पढ़ाई-लिखाई के तौर-तरीके, बच्चों के साथ घर से लेकर स्कूलों में हो रहा व्यवहार, उनकी रोजमर्रा की गतिविधियों का दायरा, संगति, सोशल मीडिया या टीवी से लेकर सिनेमा तक उसकी सोच-समझ को प्रभावित करने वाले अन्य कारकों से तैयार होने वाली उनकी मनःस्थितियों के बारे में सरकार, समाजकर्मी एवं अभिभावक क्या समाधान खोज रहे हैं।

बच्चों के व्यवहार और उनके भीतर घर करती प्रवृत्तियों पर मनोवैज्ञानिक पहलू से विचार किए बिना समस्या को कैसे दूर किया जा सकेगा?

बहरहाल, इस हृदयविदारक एवं त्रासद घटना ने नयी बन रही समाज एवं परिवार व्यवस्था पर अनेक सवाल खड़े किये हैं। सवाल नये बन रहे समाज की नैतिकता एवं चरित्र से भी जुड़े हैं।

निश्चित ही किसी परिवार की उम्मीदों का यूं कत्ल होना मर्मांतक एवं खौफनाक ही है। लेकिन



सवाल ये है कि चौदह-पंद्रह साल के किशोरों पर यूं किन्हीं लड़कियों को छेड़ने के आरोप क्यों लग रहे हैं? पढ़ने-लिखने की उम्र में ये सोच कहां से आ रही है? क्यों हमारे अभिभावक बच्चों को ऐसे संस्कार नहीं दे पा रहे हैं ताकि वे किसी की बेटी व बहन को यूं परेशान न करें? क्यों लड़कियों से छेड़छाड़ की अश्लील एवं कामूक घटनाएं बढ़ रही है। क्या हमारी शिक्षा व्यवस्था में नैतिक शिक्षा का वह पक्ष उपेक्षित हो चला है, जो उन्हें ऐसा करने से रोकता है?

क्या शिक्षक छात्रों को सदाचारी व नैतिक मूल्यों का जीवन जीने की प्रेरणा देने में विफल हो रहे हैं? हत्या की घटना हत्यारों की मानसिकता पर भी सवाल उठाती है कि उन्होंने क्यों सोच लिया कि छेड़खानी का बदला हिंसा एवं क्रूरता से गला काटना हो सकता है? धनौरी की घटना के पूरे मामले की पुलिस अपने तरीके से जांच करेगी, लेकिन किशोर अवस्था में ऐसी घटना को अंजाम देने के पीछे बच्चे की मानसिकता का पता लगाना भी ज्यादा जरूरी है। दरअसल, दशकों तक बॉलीवुड की हिंदी फिल्मों ने समाज एवं विशेषतः किशोर पीढ़ी में जिस अपसंस्कृति का प्रसार किया, आज हमारा समाज उसकी त्रासदी झेल रहा है। इसमें दो राय नहीं कि किशोरवय में राह भटकने का खतरा ज्यादा रहता है।

अब तक हिन्दी सिनेमा से समाज के किशोरवय और युवाओं में गलत संदेश गया कि निजी जीवन में छेड़खानी ही प्रेम कहानी में तब्दील हो सकती है। हमारे टीवी धारावाहिकों की संवेदनहीनता ने गुमराह किया है। बॉक्स आफिस की सफलता और टीआरपी के खेल ने मनोरंजक कार्यक्रमों में ऐसी नकारात्मकता एवं हिंसक प्रवृत्ति भर दी कि किशोरों में हिंसक एवं अराजक सोच पैदा हुई। इंटरनेट के विश्तार और सोशल मीडिया के प्रसार से स्वच्छंद यौन व्यवहार का ऐसा अराजक एवं अनियंत्रित रूप सामने आया कि जिसने किशोरों व युवकों को पथभ्रष्ट एवं दिग्भ्रमित करना शुरू कर दिया।

आज संकट ये है कि हर किशोर के हाथ में आया मोबाइल उसे समय से पहले वयस्क बना रहा है। जिस पर न परिवार का नियंत्रण है और न ही शिक्षकों का। 'मन जो चाहे वही करो' की मानसिकता वहां पनपती है जहां इंसानी रिश्तों के मूल्य समाप्त हो चुके होते हैं, जहां व्यक्तिवादी व्यवस्था में बच्चे बड़े होते-होते स्वछन्द हो जाते हैं। अर्थप्रधान दुनिया में माता-पिता के पास बच्चों के साथ बिताने के लिए समय ही नहीं बच पा रहा।

आज किशोरों एवं युवाओं को प्रभावित करने वाले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म व नये-नये एप पश्चिमी अपसंस्कृति से संचालित हैं। इन पर अश्लीलता और यौन-विकृतियों वाले कार्यक्रमों का बोलबाला है। ऐसे कार्यक्रमों की बाढ़ हैं जिनमें हमारे पारिवारिक व सामाजिक रिश्तों में स्वच्छंद यौन व्यवहार को हकीकत बनाने का खेल चल रहा है।

पारिवारिक एवं सामाजिक उदासीनता एवं संवादहीनता से ऐसे बच्चों के पास सही जीने का शिष्ट एवं अहिंसक सलीका नहीं होता। वक्त की पहचान नहीं होती। ऐसे बच्चों में मान-मर्यादा, शिष्टाचार, संबंधों की आत्मीयता, शांतिपूर्ण सहजीवन आदि का कोई खास ख्याल नहीं रहता।

भौतिक सुख-सुविधाएं एवं यौनाचार ही जीवन का अंतिम लक्ष्य बन जाता है। भारतीय बच्चों में इस तरह का एकाकीपन उनमें गहरी हताशा, तीव्र आक्रोश और विषैले प्रतिशोध का भाव भर रहा है। वे मानसिक तौर पर बीमार बन रहे हैं, वे आत्मघाती-हिंसक बन रहे हैं और अपने पास उपलब्ध खतरनाक एवं घातक हथियारों का इश्तेमाल कर हत्याकांड कर बैठते हैं।

ऑस्ट्रिया के क्लागेनफर्ट विश्वविद्यालय की ओर से किशोरों पर किए गए अध्ययन में पता चला है कि दुनिया भर में 35.8 प्रतिशत से ज्यादा किशोर मानसिक तनाव, अनिद्रा, अकारण भय, पारिवारिक अथवा सामाजिक हिंसा, चिड़चिड़ापन अथवा अन्य कारणों से जूझ रहे हैं। एकाकीपन बढ़ने से वे ज्यादा आक्रामक और विध्वंसक सोच की तरफ बढ़ने लगे हैं।

मोबाइल व कथित सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बह रहे नीले जहर से किशोर अराजक यौन व्यवहार एवं हिंसक प्रवृत्तियों की तरफ उन्मुख हुए हैं। किशोरों को समझाने वाला कोई नहीं है कि यह राश्ता आत्मघात का है। आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड व ब्रिटेन जैसे देश किशोरों को मोबाइल से दूर रखने हेतु कानून बना रहे हैं।

हमारे देश में भी शीर्ष अदालत ने समय-समय पर ऐसी घटनाओं पर तल्ख टिप्पणियां की हैं। क्या इन दर्दनाक घटनाओं से हमारे अभिभावकों, समाज-निर्माताओं एवं हमारे सत्ताधीशों की आंख खुलेगी? बच्चों से जुड़ी हिंसा की इन वीभत्स एवं त्रासद घटनाओं से जिन्दगी सहम गयी है। हमें मानवीय मूल्यों के लिहाज से भी विकास एवं नयी समाज-व्यवस्था की परख करनी होगी।

बच्चों के भीतर हिंसा मनोरंजन की जगह ले रही है। इसी का नतीजा है कि छोटे-छोटे स्कूली बच्चे भी अपने किसी सहपाठी की हत्या तक कर रहे हैं। बच्चों के व्यवहार और उनके भीतर घर करती प्रवृत्तियों पर मनोवैज्ञानिक पहलू से विचार किए बिना समस्या को कैसे दूर किया जा सकेगा?

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती आशा शर्मा द्वारा 707 मंदाकिनी टावर सेक्टर -4, वैशाली गाजियाबाद (उत्तर प्रदेश) भारत से प्रकाशित एवं एन.सी.आर. प्रिंटर्स, 15/19 साइट-4, साहिबाबाद इंडस्ट्रीयल एरिया जनपद गाजियाबाद से मुद्रित। **संपादक** : संजय शर्मा
**फोन:** 9899683800 वेबसाइट : www.ncrtoday.in **ई-मेल:** todayncr@gmail.com >> ncrtoday@hotmail.com **RNI-**UPHIN/2009/30721

संक्षिप्त समाचार

## पूर्व विधायक विजय मिश्रा और उनकी पत्नी के खिलाफ मांगी अभियोजन स्वीकृति

**प्रयागराज, एजेंसी।** माफिया एवं पूर्व विधायक विजय मिश्रा और उनकी पत्नी रामलली मिश्रा (पूर्व एमएलसी) के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) अदालत में आरोप पत्र दाखिल करने जा रहा है। ईडी ने इस बाबत विधानसभा अध्यक्ष और विधान परिषद के सभापति से अभियोजन स्वीकृति मांगी है। राजधानी स्थित ईडी के जोनल कार्यालय ने इसका पत्र भेज दिया है।

बता दें कि विजय मिश्रा पूर्व विधायक हैं, जबकि उनकी पत्नी पूर्व एमएलसी रह चुकी हैं। दोनों के खिलाफ ईडी की विशेष अदालत में आरोप पत्र दाखिल कर मुकदमा शुरू करने के लिए ईडी को अभियोजन स्वीकृति की दरकार है, जिसकी



वजह से विधानसभा अध्यक्ष और विधान परिषद के सभापति को पत्र भेजकर अनुरोध किया गया है। बता दें कि विजिलेंस ने प्रयागराज के हंडिया थाने में विजय मिश्रा और उनकी पत्नी रामलली के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का मुकदमा दर्ज कराया था। इसके आधार पर ईडी ने भी मनी लांड्रिंग एक्ट के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू की थी। ईडी विजय मिश्रा और उनकी पत्नी की करीब 50 करोड़ रुपये कीमत की चल-अचल संपत्तियों को जब्त कर चुका है, जो दिल्ली, मध्य प्रदेश और प्रयागराज में स्थित हैं। दिल्ली के जसोला में विजय मिश्रा ने मेसर्स वीएसपी स्टारर रियल्टी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी बनाकर वाणिज्यिक संपत्ति खरीदी थी, जिसका लाखों रुपये किराया भी आता था।

इसी कंपनी के नाम से प्रयागराज में एक संपत्ति खरीदने में निवेश किया था। वहीं मध्य प्रदेश के रीवा में चंदन तिवारी के नाम से संपत्ति खरीदी थी। जिसका भुगतान विजय मिश्रा के बेटे विष्णु मिश्रा ने अपराध की आय से किया था। बता दें कि विजय मिश्रा के खिलाफ अपहरण, हत्या, लूट, धोखाधड़ी, जालसाजी, आपराधिक साजिश रचने आदि के करीब 83 मुकदमे दर्ज रहे हैं, जिसमें से दो में उसे सजा भी हो चुकी है।

**नंदी पर हमले के बाद सुर्खियों में आया नाम–** प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता उर्फ नंदी पर वर्ष 2010 में बम से हमला करने के बाद विजय मिश्रा का नाम सुर्खियों में आया था। वहीं उसके खिलाफ वर्ष 1982 में पहला मुकदमा प्रयागराज के हंडिया थाने में ही दर्ज हुआ था। नंदी पर हमले के लिए छोटा राजन के शूटर राजेश पायलट की मदद ली गई थी। इसके बाद विजय मिश्रा का प्रभुत्व भदोही समेत पूर्वांचल के कई जिलों में हो गया और बाकी माफिया भी उससे अदावत लेने से बचने लगे।

## अरैल गंगा घाट पर नहाते समय किशोर गहरे पानी में समाया, जल पुलिस के गोताखोर खोजबीन में लगे

**प्रयागराज, एजेंसी।** अरैल गंगा घाट पर सोमवार को सुबह स्नान करते समय एक किशोर गहरे पानी में समा गया। साथ में नहा रहे लोगों की चीख पुकार सुनकर जल पुलिस मौके पर पहुंच गई। गोताखोरों ने किशोर की खोजबीन शुरू कर दी है। काफी देर बीत जाने के बाद भी उसका कुछ पता नहीं चल सका है। किशोर कहां का है और किसके साथ आया है इसकी जानकारी जुटाने में पुलिस लगी है।

अरैल गंगा घाट पर एक किशोर अपने कुछ साथियों के साथ गंगाजल के अंदर के पैसे निकाल रहा था। इसी दौरान वह गहरे पानी में समा गया। किशोर के डूबते हुए उसके साथी वहां से भाग गए। घाट पर मौजूद घाटियों ने बताया कि किशोर सड़वा कॉलोनी का रहने वाला है। किशोर के डूबे एक घंटा से अधिक हो गया है, लेकिन अभी तक घाट में उसके परिचित या परिजन कोई भी नहीं पहुंचे हैं।

# ऐसे हैं सरकारी अधिकारी...जो कंप्यूटर तक नहीं चला सके

**आगरा, एजेंसी।** परिवहन आयुक्त बीएन सिंह ने रविवार को ड्राइविंग टेस्टिंग ट्रैक और संभागीय परिवहन विभाग कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारी जिस राज को छुपाना चाहते थे, उसे आयुक्त ने अपनी बातों में उजागर कर दिया। भारी वाहनों के रजिस्ट्रेशन कक्ष में आयुक्त ने एक अधिकारी से कंप्यूटर पर डाटा दिखाने के लिए कहा। वह कंप्यूटर नहीं खोल सके। इस पर आयुक्त बोले, सारा राज यहीं छुपा है। बताया गया कि उनके इस वाक्य का इशारा कंप्यूटर पर प्राइवेट युवकों के काम करने की ओर था। इस बारे में शिकायतें होती रही हैं। उन्होंने लैपटॉप उपलब्ध होने पर भी अधिकारियों के उस पर काम नहीं करने का हवाला भी दिया। दोपहर करीब 11:30 बजे परिवहन आयुक्त आरटीओ कार्यालय पहुंचे। यहां पर पुरानी बिल्डिंग से निरीक्षण शुरू किया। बरामदे में बड़े बकायेदारों के बोर्ड लगे मिले। एआरटीओ कक्ष के बाद लेखा और भारी वाहन रजिस्ट्रेशन कक्ष में पहुंचे। यहां पर एक अधिकारी से पूछा कि वाहनों का भार कितना कम हो रहा है, इसका डाटा कंप्यूटर में दिखाओ। यह सुनकर अधिकारी और कर्मचारी सुन्न से पड़ गए, तब किसी ने डीवीए (डाटा एंट्री ऑपरेटर) को बुलाने के लिए कहा। तब परिवहन आयुक्त बोले कि सारा राज यह ही है। लैपटॉप देने के बाद भी उस पर काम नहीं किया जाता है। इसके बाद नई बिल्डिंग कक्ष में गए। यहां आरटीओ और एआरटीओ के नाम व मोबाइल नंबर वाला बोर्ड लगा था। बोर्ड के आगे अलमारी रखी थी। इस पर आयुक्त बोले कि किसी का नंबर तो नजर नहीं आ रहा। बिल्डिंग में सुधार के साथ लोगों से संवेदनशीलता से प्रस्तुत आने का निर्देश दिया।

### परिवहन आयुक्त ने फिर जो कहा, सुनकर सभी रह गए हैरान



**वेतन न मिलने की शिकायत पर सीधे किया फोन–** आरटीओ में स्मार्ट चिप कंपनी के कर्मचारी भी कार्य करते हैं। परिवहन आयुक्त ने इन कर्मचारियों से भी मुलाकात की। कर्मचारियों ने बताया कि पिछले 4 माह से वेतन नहीं मिल रहा। इस पर आयुक्त ने सीधे कंपनी के अधिकारी मनीष से बात की। उनको वेतन जारी करने का निर्देश दिया।

### 15 दिन के बाद करेंगे समीक्षा

परिवहन आयुक्त ने आरटीओ अरुण कुमार और एआरटीओ (प्रशासन) एनसी शर्मा को निरीक्षण के दौरान सुधार के निर्देश दिए हैं। इन सभी बिंदुओं पर 15 दिन के बाद ऑनलाइन समीक्षा बैठक करने के लिए कहा। तब तक सुधार के कार्य शुरू हो जाने चाहिए।

### रविवार होने के कारण नहीं थे आम लोग

परिवहन आयुक्त का निरीक्षण रविवार वाले दिन कराया गया। इस दिन कार्यालय बंद होने की लोगों को जानकारी होती है। इस वजह से कार्यालय में सिर्फ आरटीओ का स्टाफ मौजूद रहा। अन्य दिनों में बाहरी लोगों की भीड़ के साथ सेवानिवृत्त कर्मचारी भी उपस्थित रहते हैं। आम लोगों के होने पर परिवहन आयुक्त उनसे रूबरू होते। आम लोगों के समस्या सीधे बताने पर अधिकारियों के लिए परेशानी खड़ी हो सकती थी।

### बेसिक शिक्षा विभाग की योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास

# सीएम बोले- राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दें शिक्षक



**लखनऊ, एजेंसी।** राजधानी लखनऊ में सोमवार को सीएम योगी आदित्यनाथ ने बेसिक शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इसमें 139 उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के नवनिर्मित भवनों एवं अतिरिक्त डॉरमेट्री का लोकार्पण किया गया। 43 मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालयों एवं 66 मुख्यमंत्री अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालयों का शिलान्यास किया। साथ ही ड्रेस, स्वेटर, स्कूल बैग, जूता-मोजा एवं स्टेशनरी क्रय हेतु प्रति छात्र-छात्रा 12 सौ रुपये बच्चों के माता-पिता या अभिभावक के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की गई। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव बेसिक माध्यमिक दीपक कुमार, सीएम के सलाहकार अवनीश अवस्थी, महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा आदि उपस्थित रहे।

### हर विद्यायल में शिक्षक-छात्र अनुपात और बेहतर करें

इस मौके पर सीएम योगी ने कहा कि बेसिक शिक्षा परिषद से अपेक्षा है कि हर विद्यायल में शिक्षक जरूर हो, शिक्षक-छात्र अनुपात और बेहतर करें। शिक्षक होंगे तभी छात्र संख्या भी बढ़ेगी। शिक्षकों से अपील की है कि उनका काम बच्चों का भविष्य संवारने का है। वह इसको बेहतर तरीके से करें। बच्चे बड़े होकर जहां भी जाएंगे, शिक्षक को याद करेंगे।

### पहले चरण में सुधार करेंगे तो विरोध होगा ही...

सीएम ने आगे कहा कि जिन स्कूलों में बच्चे कम हैं और शिक्षक ज्यादा हैं। वहीं ज्यादा बच्चे वाले स्कूल में शिक्षक कम हैं। ऐसे स्कूलों में शिक्षक और छात्र अनुपात देखें और ठीक करें। ताकि, हर क्लास और विषय के शिक्षक उपलब्ध हों। पहले चरण में सुधार करेंगे तो विरोध होगा ही, लेकिन जब उसका बेहतर परिणाम आएगा तो विरोध करने वालों के मुंह बंद हो जाएंगे। सीएम योगी ने बेसिक शिक्षा परिषद से अपील की है कि बीएड और एमएड के छात्रों को भी निपुण आकलन से जोड़ें। उनके लिए एक सप्ताह का विशेष कार्यक्रम तय किया जाए। इससे उनकी ट्रेनिंग भी होगी। वह स्कूलों में हुए बदलाव को महसूस भी करेंगे। इसके लिए उनको एक प्रोफार्मा भी दें।

### एक छत के नीचे होगी प्री-प्राइमरी से 12वीं तक की पढ़ाई

43 सीएम मॉडल कंपोजिट विद्यालय का शिलान्यास का जिक्र करते हुए सीएम ने कहा कि अभी हर जिले में दो-दो विद्यालय दिए गए हैं। जहां 25 करोड़ की लागत अटल आवासीय विद्यालयों की तर्ज पर मॉडल के रूप में चलाया जाएगा। वहां प्री प्राइमरी से 12वीं तक की पढ़ाई एक छत के नीचे होगी।

## ग्रामीण क्षेत्र में उच्च शिक्षा दे रहा बिचपुरी का बीवीआरआई

**आगरा, एजेंसी।** बलवंत विद्यापीठ रूरल इंस्टीटयूट (बीवीआरआई) बिचपुरी डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय आगरा से संबद्ध एक सरकारी सहायता प्राप्त महाविद्यालय है। यह राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (एनएएसी) से बी ग्रेड प्राप्त संस्थान है। यहां स्नातक, परास्नातक के अतिरिक्त ग्रामीण समाज शास्त्र एवं सामुदायिक विकास और ग्रामीण अर्थशास्त्र एवं सहकारिता में सरकारी फीस पर हिंदी में शिक्षा प्रदान की जाती है। प्राचार्य प्रो. सीमा भदौरिया ने बताया कि स्नातक पाठ्यक्रम 13 विषयों में उपलब्ध है। जिनमें हिंदी, अंग्रेजी, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, शारीरिक शिक्षा, मत्स्य



पालन, हॉर्टिकल्चर, सहकारिता, सामुदायिक विकास एवं प्रसार, रूरल बैंकिंग, एग्रीकल्चर मार्केटिंग, ग्रामीण उद्योग शामिल हैं। सुदूर ग्रामीण क्षेत्र से बालकों से अधिक संख्या में बालिकाएं शिक्षा प्राप्त कर रही हैं। महाविद्यालय में कॅरिअर एंड प्लेसमेंट सेल भी कार्य कर रही है। नियमित रूप से मार्गदर्शक, प्रेरणादायक एवं रोजगारपरक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। समय-समय पर कैंपस इंटरव्यू कराए जाते हैं। प्राचार्य ने बताया कि कॉलेज में सत्र 2025-26 के स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश शुरू हो गए हैं। महाविद्यालय में प्रवेश से पहले विश्वविद्यालय के समर्थ पोर्टल पर वेब पंजीकरण अनिवार्य है। विश्वविद्यालय का समर्थ वेब पंजीकरण शुल्क 400 रुपये है, जो ऑनलाइन जमा होता है। समर्थ पंजीकरण के लिए विद्यार्थी महाविद्यालय में आकर पंजीकरण कराकर महाविद्यालय का प्रवेश फॉर्म भरकर प्रवेश समिति से दाखिला करा सकते हैं।

**एनसीसी और एनएसएस भी–** महाविद्यालय में एनसीसी, एनएसएस, इंटर्नशिप, ट्रेनिंग, शैक्षिक भ्रमण, स्मार्ट क्लास, वाईफाई युक्त परिसर, समाज कल्याण विभाग की ओर से शुल्क प्रतिपूर्ति एवं छात्रवृत्ति आदि सुविधाएं उपलब्ध हैं। छात्र-छात्राएं अधिक जानकारी के लिए असिस्टेंट प्रो. डॉ. भूपेंद्र सिंह (9411849155) एवं डॉ. नीतेश कुमार शर्मा (9997279231) से संपर्क कर सकते हैं।

# यूपी के मंत्री राजभर बोले- अकेले लड़ेंगे पंचायत चुनाव, साथ रहने पर कम सीटें मिलती हैं

**सुल्तानपुर, एजेंसी।** योगी सरकार के कैबिनेट मंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री ओमप्रकाश राजभर सोमवार को एक दिवसीय दौरे पर सुल्तानपुर पहुंचे। यहां मीडिया से बात करते हुए ओपी राजभर ने पंचायत चुनाव पर कहा कि पंचायत चुनाव छोटे चुनाव होते हैं। जो कार्यकर्ता एमएलए नहीं लड़ सकता, एमपी नहीं लड़ सकता। वो पंचायत चुनाव लड़ सकता है।

वो पांच साल, दस साल मेहनत करता है तो उसको भी लड़ने का मौका मिलेगा। पंचायत चुनाव में भाजपा के साथ लड़ने पर उन्होंने कहा कि समझौते में लड़ते हैं तो कम सीटें मिलती हैं जिससे छोटे नेताओं को दिक्कत होती है इसलिए सबका प्रयास होता है कि हम ज्यादा से ज्यादा अपने नेताओं को चुनाव लड़ाए। उन्होने कहा हम तो अकेले लड़ते ही आए हैं अकेले लड़ेंगे। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर उन्होंने कहा राहुल गांधी एक ऐसे नेता हैं जब भी विदेश में जाते हैं तो भारत को कटघरे में खड़ा करते हैं। जब 60 साल से उनकी सरकार थी तो उन्होने क्यों विदेश नीति बढ़िया नहीं बनाई। उन्होने बेहतर बनाई होती तो आज यह नौबत नहीं होती। ओपी राजभर ने



कहा कि मुख्यमंत्री ने कहा था कि बच्चों में अलग अलग प्रतिभाएं हैं। कोई खेल के प्रति तो कोई नृत्य के प्रति जागरूक है। कोई शिक्षा के प्रति जागरूक है। सरकार बेहतर करने के लिए प्रयासरत है। आप जब विद्यालय में जाएंगे तो देखेंगे कि विद्यालय का स्वरूप जो कल था उसमें आज बड़ा परिवर्तन आपको नजर आएगा। अब हमारे अध्यापक बच्चों के प्रति जो उनकी जिम्मेदारी है उसका निर्वहन कर रहे हैं। सरकार की तरफ से जो सुविधाएं हैं उन्हें उपलब्ध करा रहे हैं। वहीं, उन्होंने कहा कि हमारे महापुरुषों ने देश और समाज के लिए जो भी किया उसे इतिहास से विलुप्त कर दिया गया था। लोगों को जानकारी नहीं हो पाती थी। आज उस इतिहास को हमारी एनडीए की सरकार अभियान चलाकर सभी महापुरुषों के बारे में जनता को बता रही है। ओपी राजभर ने ये भी कहा कि मुख्यमंत्री की स्पष्ट सोच है उनका कहना है कि सबका साथ सबका विकास।

### देश से बाहर निकाले जाएंगे रोहिंग्या और बांग्लादेशी

**बरेली, एजेंसी।** बरेली जिले में रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों की तलाश में 15 दिवसीय अभियान शुरू किया गया है। इसके लिए एसएसपी ने सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस टीमों का गठन किया है। ये टीमें अपने थाना क्षेत्र में ऐसे लोगों की तलाश करेंगी, जो संदिग्ध हैं। उनका सत्यापन किया जाएगा। इसके बाद अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में एसएसपी ने रविवार को ऑनलाइन बैठक में पुलिस अफसरों को निर्देश दिए हैं। एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि शासन के निर्देश पर 15 दिवसीय अभियान रविवार से शुरू किया है। इसके लिए हर थाना क्षेत्र में टीम गठित की गई है। टीम में शामिल पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया है। ये टीमें सुबह-शाम अपने थाना क्षेत्र में ऐसे लोगों को चिह्नित करेंगी, जो बाहर के रहने वाले हैं। अस्थायी रूप से झुग्गी-झोपड़ी डालकर रह रहे हैं। उनका सत्यापन किया जाएगा। यह पता किया जाएगा कि कोई बांग्लादेशी या रोहिंग्या तो नहीं रह रहा है। अगर ऐसा कोई व्यक्ति रहता पाया गया तो उसे डिटेंशन सेंटर में रखा जाएगा। सत्यापन में यदि उसके बांग्लादेशी या रोहिंग्या होने की पुष्टि होती है तो नियमानुसार उसका देश निकाला किया जाएगा।

### महापौर के नेतृत्व में चलाया गया स्वच्छता अभियान

# विधायक और अधिकारियों ने लिया हिस्सा



**प्रयागराज, एजेंसी।** नगर निगम सदन के गठन के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सोमवार को महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी के नेतृत्व में दशाश्वमेध घाट दारागंज पर वृहद स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान का शुभारंभ महापौर, विधायक पूजा पाल और नगर आयुक्त साईं तेजा ने संयुक्त रूप से किया।

इस स्वच्छता अभियान में प्रयागराज नगर निगम के अपर नगर आयुक्त दीपेंद्र यादव, राजू पाठक गिरीजेश मिश्रा, राजन शुक्ला, रामलोचन साहू, सुभाष वैश्य, क्षेत्रीय पार्षद सुप्रिया राजेश निषाद, पार्षद अनुपमा तीर्थराज पांडेय, आनंद घिल्डियाल, शिव सेवक सिंह, उमेश मिश्रा, नीरज गुप्ता, दिलीप जायसवाल, मिथिलेश सिंह, भोला तिवारी, कमलेश तिवारी, राकेश जायसवाल, बलराज पटेल, नीरज टंडन, ऋषि निषाद, आशीष द्विवेदी, सलामतुल्लाह निशा, श्याम गुप्ता, नीरज टंडन, भरत निषाद, अजय आनंद, श्रवण पाल ज्ञान बाबू केसरवानी, मनोज शुक्ला, अमर सिंह, विवेक मिश्रा आदि समस्त जोनल अधिकारीगण के साथ नगर निगम के 150 से अधिक सफाई मित्रों ने हिस्सा लिया। अभियान के अंतर्गत लगभग 35 किलोग्राम सूखा एवं 300 किलोग्राम गीला कूड़ा एकत्रित किया गया, जिसे निर्धारित कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से निस्तारण के लिए भेजा गया। महापौर ने स्वच्छता के प्रति जनभागीदारी की आवश्यकता पर बल दिया और शहरवासियों से स्वच्छ प्रयागराज अभियान को निरंतर समर्थन का आह्वान किया। सूबे के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य रविवार की रात करीब बजे प्रयागराज पहुंचे। बमरौली एयरपोर्ट से वह सिविल लाइंस के अलकापुरी स्थित अपने आवास पर गए। वहां महापौर गणेश केसरवानी ने उनका स्वागत किया। डिप्टी सीएम सोमवार सुबह जिला पंचायत सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित कई योजनाओं के लोकार्पण एवं शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल होंगे।

## परिवार कल्याण महानिदेशालय को बम से उड़ाने की मिली धमकी, कार्यालय कराया गया खाली; जांच जारी

**लखनऊ, एजेंसी।** राजधानी लखनऊ में सोमवार को वजीरगंज स्थित परिवार कल्याण महानिदेशालय को मेल के जरिये बम से उड़ाने की धमकी दी गई। जानकारी मिलते ही अधिकारी व कर्मचारी दफ्तर से बाहर निकल आए। सूचना पर पहुंची पुलिस और बम स्क्वायड टीम जांच में जुट गई है। परिवार कल्याण महानिदेशालय का कार्यालय जगत नारायण रोड पर स्थित है। दोपहर करीब 1:30 बजे डीजी को एक मेल आया। मेल में कार्यालय को बम से उड़ाने की बात लिखी थी। इससे वहां अफरा-तफरी मच गई। डीजी ने कार्यालय में मौजूद लोगों को बाहर निकलने के निर्देश दिए।



**बम स्क्वाड टीम कार्यालय परिसर की जांच में जुटी–** निर्देश मिलते ही सभी लोग आनन-फानन बाहर निकल गए। मामले की जानकारी वजीरगंज पुलिस को दी गई। इंस्पेक्टर राजेश त्रिपाठी पुलिस टीम के साथ कार्यालय पहुंचे। पुलिस ने बम स्क्वायड टीम को भी बुलाया। इंस्पेक्टर ने बताया कि बम स्क्वाड टीम पूरे कार्यालय परिसर की जांच कर रही है।



# भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने चार देशों के टूर्नामेंट में उरुग्वे को 3-2 से हराया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने अर्जेंटीना के रोसारियो में खेले जा रहे फ्रेंडली फोर नेशंस टूर्नामेंट में अपने दूसरे मुकाबले में उरुग्वे को 3-2 से हरा दिया। भारत की ओर से सोनम ने 21वें मिनट में गोल किया, जबकि कनिका सिवाच ने 46वें और 50वें मिनट में दो अहम गोल दागे। उरुग्वे के लिए मिलाग्रोस सीगल ने 3वें मिनट में और अगस्टिना मारी ने 24वें मिनट में गोल किए।

मैच की शुरुआत में ही उरुग्वे ने बढ़त बना ली थी, जब मिलग्रोस सीगल ने तीसरे मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को सफलतापूर्वक गोल में बदलकर अपनी टीम को आगे कर दिया। इसके बाद भारत की सोनम ने 21वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर से बराबरी का गोल कर दिया। लेकिन तीन मिनट बाद ही उरुग्वे की अगस्टिना मारी ने फिर से पेनल्टी कॉर्नर पर गोल कर अपनी टीम को 2-1 से आगे कर दिया। तीसरे क्वार्टर के अंत तक खेल बराबरी पर रहा, लेकिन कनिका सिवाच ने अंतिम चरण में दो गोल करके भारत को विजयी बनाने में मदद की। अंतिम क्वार्टर में कनिका सिवाच ने 46वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर से गोल किया और 50वें मिनट में एक शानदार फील्ड गोल दागकर भारत को जीत दिला दी। इससे पहले, भारतीय टीम ने रोसारियो में चिली पर 2-1 की जीत के साथ अपने दौरे की शानदार शुरुआत की। उस मैच में भारत की तरफ से सुखवीर कौर ने 39वें मिनट में और कनिका सिवाच ने 58वें मिनट में गोल किए थे।

चिली के लिए एकमात्र गोल जावेरीया साएंज ने 20वें मिनट में गोल किया था। भारत का अगला मुकाबला बुधवार को (आईएसटी के अनुसार) मेजबान अर्जेंटीना से होगा।

## आईपीएल 2025:

# 37 गेंद में तूफानी शतक जड़ क्लासेन ने रचा इतिहास

### हैदराबाद के नाम भी खास रिकॉर्ड



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल 2025) में रविवार को कोलकाता और हैदराबाद के बीच खेले गए मैच में हैदराबाद ने कोलकाता को 110 रनों के बड़े अंतर से हराया.

ये दोनों ही टीमों का इस सीजन का आखिरी मैच था. इस मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद के विस्फोटक बल्लेबाज़ हेनरिक क्लासेन ने इंडियन प्रीमियर लीग 2025 में इतिहास रच दिया है. उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ दिल्ली में खेले गए मैच में महज़ 37 गेंदों में शतक जड़कर आईपीएल इतिहास के तीसरे सबसे तेज़ शतक का रिकॉर्ड अपने नाम किया.

### क्लासेन ने बनाया ये रिकॉर्ड

क्लासेन का यह शतक आईपीएल इतिहास का अब तक का संयुक्त रूप से तीसरा सबसे तेज़ शतक है, और दूसरा सबसे तेज़ शतक किसी विदेशी खिलाड़ी द्वारा. इस सूची में उनसे सिर्फ क्रिस गेल हैं, जिन्होंने 2013 में पुणे वॉरियर्स के खिलाफ 30 गेंदों में शतक जड़ा था.

### अब तक के सबसे तेज़ आईपीएल शतक (गेंदों के आधार पर)

30 गेंद – क्रिस गेल– बेंगलुरु, 2013
35 गेंद – वैभव सूर्यवंशी जयपुर, 2025
37 गेंद – यूसुफ पठान– मुंबई, 2010
37 गेंद – हेनरिक क्लासेन– दिल्ली, 2025
38 गेंद – डेविड मिलर–मोहाली, 2013

क्लासेन की इस तूफानी पारी के दम पर एसआरएच ने 278 रन बनाए. जो आईपीएल इतिहास का तीसरा सबसे बड़ा टीम स्कोर है. आईपीएल के अब तक के शीर्ष पांच स्कोरों में से चार स्कोर एसआरएच के नाम हैं.



# हर्ष दुबे चालाक गेंदबाज, उनके प्रदर्शन से बहुत खुश हूं : डेनियल विटोरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के प्लेऑफ की रेस से बाहर सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने अपने अंतिम लीग मैच में जीत हासिल कर टूर्नामेंट के सफर का शानदार अंत किया। इस मैच में ऑलराउंडर हर्ष दुबे के प्रदर्शन से मुख्य कोच डेनियल विटोरी काफी प्रभावित हुए। न्यूजीलैंड के इस पूर्व दिग्गज क्रिकेटर ने युवा खिलाड़ी को बहुत ही चालाक गेंदबाज बताया। अरुण जेटली स्टेडियम में कोलकाता नाइट राइडर्स पर हैदराबाद ने 110 रनों की बड़ी जीत दर्ज की। जिसमें दुबे ने अपनी गेंदबाजी से सभी को प्रभावित किया। उन्होंने रिंकू सिंह, आंद्रे रसेल और रमनदीप सिंह को आउट किया और अपने चार ओवरों में उन्होंने 34 रन देकर तीन विकेट लिए। पूर्व में दुबे ने अपने पहले दो आईपीएल मैचों में मिशेल मार्श और विराट कोहली को आउट किया था, जिसके बाद यह दमदार स्पेल आया। 2025 दुबे के लिए एक शानदार साल रहा है, खिलाड़ी ने रणजी ट्रॉफी के एक सीजन में सबसे ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड तोड़ा, जब उन्होंने विदर्भ की 2024/25 चैंपियनशिप जीतने की दौड़ में 69 विकेट चटकाए, और उन्हें प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट भी चुना गया। दुबे को 30 मई से शुरू होने वाले इंग्लैंड दौरे के लिए इंडिया 'ए' टीम में शामिल किया गया है। डेनियल विटोरी ने मैच के बाद दुबे की तारीफ में कहा कि मुझे लगता है कि टीम में आने के बाद से उन्होंने जो कुछ किया है, उससे हम बहुत खुश हैं।

वह स्पष्ट रूप से एक बहुत ही चालाक गेंदबाज है और परिस्थितियों को अच्छी तरह समझता है। वह समझता है कि उसे कैसे गेंदबाजी करनी है और कैसे विकेट निकालनी है। उसने आईपीएल के मैचों में अपनी गेंदबाजी से प्रभावित किया। विटोरी ने कहा, उसके लिए सबसे अच्छी बात यह है कि अब से लेकर अगले आईपीएल तक वह बहुत क्रिकेट खेलेगा.

# चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स में खिलाड़ियों की संख्या बढ़ाई गई, बड़ी पुरस्कार राशि की भी घोषणा



**चेन्नई, एजेंसी।** आयोजकों ने एक प्रेस रिलीज में बताया कि छह से 15 अगस्त तक आयोजित होने वाले इस टूर्नामेंट में अब प्रत्येक वर्ग में 10 खिलाड़ी भाग लेंगे। चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के तीसरे सत्र में खिलाड़ियों की संख्या बढ़ाकर 20 करने के साथ इसकी अब तक की सबसे बड़ी पुरस्कार राशि एक करोड़ रुपये करने की घोषणा की गई है। आयोजकों ने एक प्रेस रिलीज में बताया कि छह से 15 अगस्त तक आयोजित होने वाले इस टूर्नामेंट में अब प्रत्येक वर्ग में 10 खिलाड़ी भाग लेंगे, जबकि पिछले सत्र में आठ खिलाड़ी भाग लेते थे।

एमजीडी1 द्वारा आयोजित और तमिलनाडु सरकार तथा तमिलनाडु खेल विकास प्राधिकरण द्वारा समर्थित इस टूर्नामेंट को सिंगापुर स्थित 'फिनटेक' कंपनी 'क्वांटबॉक्स रिसर्च' के साथ करार के बाद 'क्वांटबॉक्स चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स' कर दिया गया है। पिछले सत्र में अरविंद चिदंबरम मास्टर्स वर्ग में अर्जुन एरिगैसी और विदित गुजराती जैसे खिलाड़ियों को पछाड़कर चैंपियन बने थे। प्रणव वी. ने चैलेंजर्स वर्ग का खिताब जीता था। इस जीत से उन्हें इस साल मास्टर्स वर्ग में चुनौती पेश करने का मौका मिलेगा।

# लाहौर कलंदर्स ने चार साल में तीसरी बार जीता पीएसएल का खिताब

**लाहौर, एजेंसी।** जिम्बाब्वे के हरफनमौला सिकंदर रजा ने टॉस से महज 10 मिनट पहले इंग्लैंड से यहां पहुंचकर लाहौर कलंदर्स को चार साल में पाकिस्तान सुपर लीग का तीसरा खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई। खिताब जीतने पर कलंदर्स को पुरस्कार के रूप में 500,000 डॉलर भी मिले जो करीब 4.24 करोड़ रुपए बनते हैं। वहीं उपविजेता टीम ग्लेडिएटर्स को 200,000 डॉलर मिले, जो लगभग 1.69 करोड़ रुपए बनते हैं।

अगर इस राशि को अगर आईपीएल की इमानी राशि से जोड़कर देखा जाए तो यह काफी कम हैं क्योंकि आईपीएल का खिताब जीतने वाली टीम को 20 करोड़ रुपए मिलेंगे। वहीं पीएसएल की खिताबी राशि से कहीं अधिक राशि आईपीएल नीलामी में खिलाड़ियों पर खर्च की जाती है। इसमें ऋषभ पंत एक उदाहरण हैं जो इस बार 27 करोड़ में बिके थे।




लाहौर ने रविवार को रोमांचक फाइनल में बड़े स्कोर का सफलता से पीछा करते हुए क्वेटा ग्लैडिएटर्स को एक गेंद शेष रहते छह विकेट से हराया।

रजा ने नॉटिंघम में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैच खेला था जिसे जिम्बाब्वे शनिवार को पारी से हार गया था। उन्होंने रविवार को सात गेंदों पर नाबाद 22 रन बनाए जबकि कुसल परेरा ने 31 गेंदों में नाबाद 62 रनों की पारी खेली जिससे लाहौर ने 19.5 ओवर में चार विकेट पर 204 रन बनाकर जीत दर्ज की। क्वेटा ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला करने के बाद 9 विकेट पर 201 रन बनाए थे।

क्वेटा के अबूझ स्पिनरों की जोड़ी अबरार अहमद (27 रन पर एक विकेट) और उस्मान तारिक (38 रन पर एक विकेट) ने बीच के ओवरों में लाहौर पर शिकंजा कस दिया था। जब रजा मैदान पर आए तो घरेलू टीम को अंतिम 20 गेंदों पर 57 रन की जरूरत थी। लाहौर पहुंचने के लिए कई उड़ान लेने वाले रजा पर थकान का कोई लक्षण नहीं दिखा।

उन्होंने तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर की पहली दो गेंदों पर चौका और छक्का जड़ा। फहीम अशरफ की अंतिम तीन गेंदों पर टीम को जीत के लिए आठ रन चाहिए थे। रजा ने इस तेज गेंदबाज के खिलाफ छक्का और फिर फिर मिड-ऑन पर चौका जड़कर लाहौर को यादगार जीत दिला दी। इससे पहले पाकिस्तान के उभरते हुए स्टार टी20 बल्लेबाज हसन नवाज ने 43 गेंदों पर 76 रनों की पारी खेली। अशरफ (28) ने सलमान मिर्जा के आखिरी ओवर में 23 रन बटोरे जिससे क्वेटा 200 रन के पार पहुंच गया।

# वैभव सूर्यवंशी बाल-बाल बचे

### कटने वाला था नाम



**नई दिल्ली, एजेंसी।** बाल-बाल बच गए वैभव सूर्यवंशी. नहीं तो कट जाता नाम. आप सोच रहे होंगे कि हम ऐसा क्यों कह रहे हैं? क्या बेंगलुरु में इंडिया अंडर 19 स्क्वॉड के कैंप में मौजूद वैभव सूर्यवंशी के साथ कुछ ऐसा-वैसा हुआ है. तो जी नहीं, ऐसा बिल्कुल भी नहीं है.

वैभव सूर्यवंशी बेंगलुरु में अच्छे से अंडर-19 टीम का कैंप कर रहे हैं. रही बात उनके नाम कटने से बाल-बाल बचने की तो इसके तार आईपीएल इतिहास के सबसे तेज शतकों की लिस्ट से जुड़ा है. दरअसल, आईपीएल इतिहास के सबसे तेज शतकों की लिस्ट में अपडेट हुआ है. अब वहां पर युसूफ पठान के साथ तीसरे नंबर पर हेनरिक क्लासन का भी नाम दर्ज हो गया है. सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाज क्लासन ने केकेआर के खिलाफ 25 मई को खेले मुकाबले में तूफान मचाते हुए सिर्फ 37 गेंदों पर शतक जमाया.

### 269.23 की स्ट्राइक रेट से क्लासन ने मारे रन

केकेआर के खिलाफ सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाजों में अभिषेक शर्मा ने 200 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए. ट्रेविस हेड ने 190 की स्ट्राइक से विस्फोटक बैटिंग की.

लेकिन, जब नंबर 3 पर हेनरिक क्लासन उतरे तो उन्होंने 269.23 की स्ट्राइक रेट से नाबाद शतक जमाया. उन्होंने 64 मिनट बल्लेबाजी की और 39 गेंदों में नाबाद 105 रन बनाए, जिसमें 9 छक्के, 7 चौके शामिल रहे.

आईपीएल में वैभव सूर्यवंशी ने अपने तूफानी शतक की स्क्रिप्ट 35 गेंदों पर लिखी थी. जब उन्होंने ऐसा किया था तब उन्होंने यूसुफ पठान का भारतीय रिकॉर्ड तोड़ा था. और क्रिस गेल का 30 गेंदों वाला रिकॉर्ड तोड़ने से चूके थे. अब जब हेनरिक क्लासन ने 37 गेंदों पर शतक जमाया है तो उससे वैभव सूर्यवंशी का रिकॉर्ड बाल-बाल बचा है. दोनों के बीच बस 2 गेंदों का फासला रहा है. हालांकि, हेनरिक क्लासन ने यूसुफ पठान के 37 गेंदों की बराबरी जरूर कर ली.

# फुटबॉल: वेनेजिया पर रोमांचक जीत से युवेंतस ने चैंपियंस लीग का टिकट कटाया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** टीम ने सीरी ए के अंतिम दौर के अपने मैच को जीतकर तालिका में चौथा स्थान हासिल किया। युवेंतस रोमा से एक अंक आगे रहा। मैनुअल लोकाटेली के पेनल्टी पर किए गए गोल की मदद से युवेंतस ने इटली की शीर्ष घरेलू फुटबॉल लीग में रेलीगेट (निचली लीग में खिसकना) हो चुकी वेनेजिया पर 3-2 की रोमांचक जीत के साथ चैंपियंस लीग के लिए क्वालिफाई किया। मौजूदा सत्र में युवेंतस का प्रदर्शन निराशाजनक रहा है और इस साल मार्च में जब इगोर ट्यूडर को टीम की जिम्मेदारी (कोच) दी गई तो उन्हें यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया था कि टीम चैंपियंस लीग के लिए क्वालिफाई कर सके। उन्होंने मुश्किल से ही सही, लेकिन अपना लक्ष्य पूरा किया। टीम ने सीरी ए के अंतिम दौर के अपने मैच को जीतकर तालिका में चौथा स्थान हासिल किया। युवेंतस रोमा से एक अंक आगे रहा। रोमा ने टोरिनो में 2-0 से जीत हासिल करके यूरोपा लीग में जगह बनाई। पहले ही रेलीगेट हो चुकी वेनेजिया ने दूसरे मिनट में डेनियल फिला के गोल से युवेंतस को सकते में डाल दिया। केनान यिल्डिज और रैंडल कोलो मुआनी के छह मिनट के अंदर किये गए गोल से युवेंतस ने मैच के 31वें मिनट में बढ़त कायम कर ली। हाफ टाइम के बाद रीडगेसियानो हैप्स ने वेनेजिया के लिए बराबरी का गोल किया।

# वेस्टइंडीज ने आयरलैंड को DLS से 197 रनों से हाराया

- **कार्टी का लगातार दूसरा शतक, वेस्टइंडीज ने बनाए 385 रन; वनडे सीरीज 1-1 से बराबर**



**नई दिल्ली, एजेंसी।** केसी कार्टी के करियर के सर्वश्रेष्ठ 170 रनों और शाई होप तथा जस्टिन ग्रीव्स के अर्धशतकों की मदद से वेस्टइंडीज ने तीसरे एकदिवसीय मैच में आयरलैंड को ष्ठरूस् पद्धति से 197 रनों से हराकर तीन मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर कर ली। बारिश की वजह से बाधित इस मैच में वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट पर 385 रन बनाए। बारिश के कारण आयरलैंड का लक्ष्य 46 ओवरों में 363 रन कर दिया गया था।

आयरलैंड की पूरी टीम 29.5 ओवर में 165 रन पर ऑलआउट हो गई। आयरलैंड ने टॉस जीत कर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। वेस्टइंडीज के केसी कार्टी ने लगातार दूसरे मैच में शतक जड़ा, जबकि होप और ग्रीव्स ने अर्धशतकीय पारी खेली।

## आईपीएल 2025:

# संन्यास का मन बना चुके हैं धोनी?

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025चेन्नई सुपर किंग्स के लिए अच्छा नहीं रहा, लेकिन महेंद्र सिंह धोनी की अगुआई वाली टीम ने गुजरात टाइटंसको हराकर सफर का अंत किया। मैच के बाद महेंद्र सिंह धोनी से सवाल हुआ कि क्या वह अगले साल भी खेलते दिखेंगे? इस बार धोनी ने साफ-साफ नहीं कहा कि वह रिटायर हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह अभी रिटायर नहीं हो रहे हैं, लेकिन यह भी साफ नहीं किया कि अगले साल वह दिखेंगे। धोनी ने गुजरात के खिलाफ मैच के बाद कहा, ÷यह अच्छा है। मैं यह नहीं कहूंगा कि आज हाउसफुल था, लेकिन अच्छी भीड़ थी। यह एक बहुत बड़ा स्टेडियम है। हमारा सीजन अच्छा नहीं रहा,लेकिन जीत के साथ खत्म करना अच्छा था। गेंदबाजी विभाग और बल्लेबाजी विभाग में सबसे बेहतरीन प्रदर्शन में से एक था। हमने कैच लेने में अच्छे नहीं रहे, लेकिन यह एक ऐसा मैच था जिसमें हमारी फील्डिंग और कैचिंग अच्छी थी। अगले साल खेलने के सवाल पर धोनी ने कहा, मेरे पास निर्णय लेने के लिए 4-5 महीने हैं, यह तय करने की कोई जल्दी नहीं है कि क्या करने की जरूरत है। हर साल शरीर को फिट रखने के लिए अधिक प्रयास करना पड़ता है। आपको अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होता है, यह शीर्ष स्तर का क्रिकेट है। यह पेशेवर क्रिकेट है।

### हमेशा प्रदर्शन मायने नहीं रखता

धोनी ने आगे कहा, हमेशा प्रदर्शन मायने नहीं रखता। यदि क्रिकेटर अपने प्रदर्शन के कारण संन्यास लेना शुरू कर दे तो उनमें से कुछ 22 साल की उम्र में संन्यास ले लेंगे। यह देखना महत्वपूर्ण है कि आपमें कितनी भूख है और आप कितने फिट हैं। आप टीम के लिए कितना योगदान दे सकते हैं। टीम को जरूरत है या नहीं।

### सोचूंगा और फिर फैसला लूंगा

मेरे पास पर्याप्त समय है। रांची वापस जाऊंगा, काफी समय से घर नहीं गया हूं, इसलिए कुछ बाइक राइड का आनंद लूंगा और फिर निर्णय लूंगा। मैं यह नहीं कह रहा कि मैं जा रहा हूं, न ही मैं यह कह रहा हूं कि मैं वापस आऊंगा। मेरे पास समय है। इस बारे में सोचूंगा और फिर फैसला लूंगा।

